
# हिंदी

# कैसे पढ़ाएँ ?

## कक्षा 3



राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़, रायपुर

# छत्तीसगढ़ के राजकीय प्रतीक

छत्तीसगढ़ शासन

सत्यमेव जयते



राजकीय पशु - वन भैंसा



राजकीय पक्षी - पहाड़ी मैना



राजकीय वृक्ष - साल वृक्ष



राजकीय पुष्प - गेंदा



राजकीय नृत्य - करमा लोक नृत्य

प्राथमिक कक्षाओं के शिक्षकों के लिए पैडागॉजी आधारित

शिक्षक संदर्शिका

# हिंदी कैसे पढ़ाएँ ?

## कक्षा – तीसरी

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़, रायपुर

# प्रकाशन वर्ष: 2022

## मार्गदर्शन

**राजेश सिंह राणा** भा.प्र.से.

संचालक

एस.सी.ई.आर.टी.,छ.ग., रायपुर

**डॉ. योगेश शिवहरे**

अतिरिक्त संचालक

एस.सी.ई.आर.टी.,छ.ग., रायपुर

## समन्वयक

श्रीमती विद्या डांगे

## संपादन

श्रीमती विद्या डांगे, डॉ. नीलम अरोरा

## विशेष सहयोग

डॉ. विद्यावती चंद्राकर

## सहयोग

श्री गणेश तिवारी, श्री सुनील मिश्रा

## लेखन समूह

सुश्री पुष्पा शुक्ला, श्रीमती गोमती ठाकुर, हेमलता नायक, श्रीमती उषा शर्मा, श्रीमती अनिता ताम्रकार, कविता कोरी, श्रीमती हीरमती भारद्वाज, श्रीमती नंदिनी राजपूत, श्रीमती उषा वर्मा, श्री द्रोण साहू, श्रीमती विनीता गुप्ता, लक्ष्मी सोनी, श्रीमती योगेश्वरी, श्री खोजन दास डिंडोरे, श्रीमती अंजनी मंडावी, श्री मिलिन्द चंद्रा, श्री रूद्र नारायण बघेल, श्रीमती सूरजकांति, श्री योगेश कुमार निर्मलकर, श्रीमती भावना सिंह, अंकेश्वर प्रसाद महिपाल, श्रीमती पारेश्वरी अमादिया, श्रीमती सुभद्रा जगत, श्री सत्यपाल जायसवाल, श्री चन्द्रहास राठौर, श्रीमती कामेश्वरी कश्यप, श्रीमती प्रेरणा कश्यप, श्री शंकर लाल यदु, श्रीमती शकुन्तला देवांगन, श्रीमती वसुंधरा कुर्रे, संतोष कुमार तारक, शिशुपाल साहू

## क्षेत्र परीक्षणकर्ता

श्री हेमू कुमार पटेल, श्रीमती खेमिन साहू, श्री योगेश कुमार निर्मलकर, श्रीमती मुनिया निर्मलकर, श्री गुलश कुमार साहू , श्री लव कुमार निर्मलकर, श्री कमल नारायण यादव, श्री बलराम नेताम, श्री रामनाथ यादव, श्री बाबूलाल ध्रुव, श्री प्रेमनारायण चंद्राकर

## टायपिंग एवं डिजायनिंग

श्री कुन्दन लाल साहू

## आवरण पृष्ठ

श्री सुधीर कुमार वैष्णव

# आमुख

यह संदर्शिका भाषा पाठ्यपुस्तक की पूरक है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में भाषायी कौशलों को समझने की प्रवृत्ति में वृद्धि करना है। इस संदर्शिका में उपलब्ध संसाधनों, संस्कृति, वातावरणीय संसाधनों पर आधारित गतिविधियों का चयन किया गया है, इनमें विभिन्न भाषायी कौशलों के विकास के लिए भाषा का एकीकृत दृष्टिकोण है। यह शिक्षकों को नए प्रयोगों की रूपरेखा बनाने, सार्थक निष्कर्ष प्राप्त करने और सीखने की उपलब्धियों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती है।

संदर्शिका में पाठों, कविताओं के लर्निंग आउटकम्स, गतिविधियाँ क्या, क्यों और कैसे कराएं, सोचो और बताओ एवं बच्चों के अनुभवों, व्याकरण और भाषा तत्वों के साथ-साथ आकलन जो कि NAS पर आधारित है को शामिल किया गया है।

प्रत्येक अध्याय के प्रारंभ में दिया गया 'शीर्षक परिचय' विद्यार्थियों के पूर्ववर्ती ज्ञान को बढ़ाने के लिए चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ सूचनापरक भी है। प्रत्येक पाठ विषय वस्तु के उदाहरणों, दृष्टांतों, सारणियों, क्रियाकलापों और आकलन से युक्त है, जो प्रत्येक भाषायी अवधारणाओं के सीखने के उद्देश्य से प्राप्त हुआ है। पाठ में सम्मिलित गतिविधियाँ अध्याय विशेष पर एक समग्र दृष्टि प्रस्तुत करती हैं।

प्रत्येक अध्याय के अंत में प्रस्तुत आकलन जो कुछ पढ़ा अथवा पढ़ाया गया है को पुनर्बलित करता है।

संदर्शिका में दिए गए क्रियाकलापों का चयन सावधानीपूर्वक किया गया है जिससे कि कक्षा में विद्यार्थियों की सहभागिता को अधिकाधिक रूप से बढ़ाया जा सके। बहुत-से क्रियाकलाप ऐसे हैं जिन्हें सरलतापूर्वक किया जा सकता है, इनके लिए कोई विशेष सामग्री की आवश्यकता नहीं है, इन्हें कक्षा में ही संपन्न किया जा सकता है अथवा गृहकार्य के रूप में दिया जा सकता है।

जहाँ कुछ गतिविधियाँ समूह-केन्द्रित हैं, वहीं कुछ व्यक्तिगत स्वरूप के हैं। समूह-केन्द्रित गतिविधियाँ टीम निर्माण के लिए महत्वपूर्ण होते हैं, जिसमें साथ-साथ भागीदारी करने के आनंद का अनुभव होता है साथ ही एक-दूसरे के विचारों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर मिलता है।

गतिविधियों के सत्र संचालित करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि कक्षा का वातावरण ऐसा बना रहे जो पारस्परिक सम्मान, विश्वास तथा सहयोग के लिए प्रेरक हो। चूंकि हर कक्षा भिन्न होती है तथा प्रत्येक अध्यापक अपने आप में विशेष होता हैं, अतः इन गतिविधियों को बदलती आवश्यकताओं एवं संदर्भों के अनुसार अनुकूलित किया जा सकता है।

यह विशेष रूप से ज्ञातव्य है कि इस संदर्शिका का उपयोग करते समय हमें भाषायी एवं आनुभविक गतिविधियों में संतुलन बनाए रखने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए, जिससे संदर्शिका अधिक उपयोगी व सार्थक सिद्ध हो। इसे और भी उपयोगी बनाने के लिए आपके सुझावों का सदैव स्वागत है।

शुभकामनाओं सहित...

**संचालक**
राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
छत्तीसगढ़, रायपुर

# कक्षा – तीसरी

## अनुक्रमणिका


| अध्याय | अध्याय का नाम | पृष्ठ क्रमांक |
|---|---|---|
| **1** | सीखो | 1-3 |
| **2** | सच्चा बालक | 4-7 |
| **4** | बंदर बाँट | 8-10 |
| **5** | मीठे बोल | 11-14 |
| **6** | कबूतर और मधुमक्खियाँ | 15-17 |
| **7** | चाँद का कुरता | 18-22 |
| **9** | आदिमानव | 23-25 |
| **10** | चुहिया की शादी | 26-30 |
| **11** | दादा जी | 31-35 |
| **12** | हाथी | 36-39 |
| **14** | कौन जीता | 40-44 |
| **15** | मैं हूँ महानदी | 45-48 |
| **16** | अगर पेड़ भी चलते होते | 49-52 |
| **18** | जंगल में स्कूल | 53-55 |
| **19** | तेल का गिलास | 56-60 |
| **20** | अब बतलाओ | 61-64 |
| **22** | क्या तुम मेरी अम्मा हो ? | 65-69 |
| **23** | कविता का कमाल | 70-73 |
| **24** | बालसभा | 74-79 |

# पाठ 1

## सीखो

| लर्निंग आउटकम्स | LH301, LH302, LH303, LH304, LH305, LH307, LH308,LH309, LH311 |
|---|---|

<table>
<tr><th>गतिविधि</th><th>गतिविधि क्यों करें?</th><th>गतिविधि कैसे करें ?</th></tr>
<tr><td colspan="3">प्रथम दिवस</td></tr>
<tr><td>1. पाठ के चित्रों पर चर्चा</td><td>• पाठ के चित्रों पर चर्चा करने से बच्चों में अवलोकन एवं अभिव्यक्ति कौशलों का विकास होगा।</td><td>शिक्षक पाठ्य पुस्तक में दिए गए चित्र पर निम्नांलिखित प्रश्न पूछें –<br>• चित्रों में तुमको क्या-क्या दिखाई दे रहा है ?<br>• इस चित्र में बच्ची क्या कर रही है ?<br>• आदमी खड़े होकर क्या सोच रहा होगा ?<br>• सूरज हमें कब दिखाई देता है?<br>• तुम अपने घर में दिया कब -कब जलाते हो?<br>• तुम्हारे घर के आस-पास पाएँ जाने वाले फूलों के नाम बताओ ।</td></tr>
<tr><td>2. पाठ के संदर्भ में बच्चों के अनुभवों को सुनना।</td><td>• बच्चे अपने परिवेश और अनुभव के आधार पर अपने विचारों को बता पाएँगे।<br>• दूसरे बच्चों के अनुभव सुन पाएँगे।</td><td>• तुम घर में किससे-किससे क्या-क्या सीखते हो ।
<table>
<tr><th>क्र.</th><th>सदस्य</th><th>क्या सीखते हो</th></tr>
<tr><td>1</td><td>माँ से -</td><td>..........................</td></tr>
<tr><td>2</td><td>पिताजी से -</td><td>...........................</td></tr>
<tr><td>3</td><td>अपने दोस्त से -</td><td>...........................</td></tr>
<tr><td>4</td><td>अपने बुज़ुर्गों से -</td><td>...........................</td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td>3. कविता को हाव-भाव के साथ सुनाना।</td><td>• बच्चे कविता को सुनकर हाव-भाव के साथ सुना पाएँगे। बच्चे कविता में आएं शब्दों के अर्थ से परिचित होगें ।</td><td>• शिक्षक कविता का पहले सस्वर वाचन करें, फिर समूह वाचन और स्वतंत्र वाचन कराएँ। वाचन पश्चात् कविता का सारांश बताएँ।</td></tr>
<tr><td colspan="3">द्वितीय दिवस<br>( प्रथम दिवस की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )</td></tr>
<tr><td>4. कविता पर बातचीत</td><td>• कविता पर बातचीत करने से कविता को समझकर बातचीत कर पाएँगे।</td><td>इन चीजों से हम क्या-क्या सीखते है -
<table>
<tr><th>क्र.</th><th>चीजें</th><th>क्या सीखते है ।</th></tr>
<tr><td>1</td><td>फूलों से</td><td>...............................</td></tr>
<tr><td>2</td><td>सूरज से</td><td>...............................</td></tr>
<tr><td>3</td><td>दीपक से</td><td>...............................</td></tr>
<tr><td>4</td><td>जलधारा से</td><td>...............................</td></tr>
</table></td></tr>
</table>

<table>
<tr>
<td>5. शब्दावली विकास</td>
<td>
<ul>
<li>बच्चों के शब्द भंडार में वृद्धि होगी।</li>
<li>नए शब्दों से परिचित होंगे।</li>
<li>सीखे गए शब्दों का उपयोग अपने दैनिक जीवन में कर पाएँगे।</li>
</ul>
</td>
<td>
अ. दिए हुए शब्दों के सही अर्थ पर गोला लगाओ –<br>
1. तरू<br>
(अ) पेड़ (ब) लता<br>
2. धीरज<br>
(अ) गंभीर (ब) धैर्य<br>
3. शीश<br>
(अ) सिर (ब) मस्तिष्क<br>
4. स्वदेश<br>
(अ) विदेश (ब) अपना देश<br>
<br>
ब. समान अर्थ वाले शब्दों की सही जोड़ी बनाएँ-<br>
सुमन - पृथ्वी<br>
वृक्ष - सूरज<br>
वायु - फूल<br>
रवि - पवन<br>
धरा - तरु
</td>
</tr>
<tr>
<td>6. वाक्य बनाओ</td>
<td>
<ul>
<li>वाक्य संरचना सीख पाएँगे।</li>
</ul>
</td>
<td>
दिए गए शब्दों के अर्थ ढूँढकर वाक्य बनाओ-
<table>
<tr><th>क्र.</th><th>शब्द</th><th>वाक्य</th></tr>
<tr><td>1</td><td>तरू</td><td>................................</td></tr>
<tr><td>2</td><td>शीश</td><td>................................</td></tr>
<tr><td>3</td><td>धीरज</td><td>................................</td></tr>
<tr><td>4</td><td>स्वदेश</td><td>................................</td></tr>
<tr><td>5</td><td>नित</td><td>................................</td></tr>
</table>
</td>
</tr>
<tr>
<td colspan="3">तृतीय दिवस<br>( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )</td>
</tr>
<tr>
<td>7. तुक मिलाओ</td>
<td>
<ul>
<li>बच्चे समान ध्वनि वाले शब्दों को पहचान कर शुद्ध उच्चारण कर पाएँगे।</li>
</ul>
</td>
<td>
कविता में आए उन शब्दों को लिखो, जिनकी तुक मिलती हो, जैसे - बढ़ना-चढ़ना<br>
.............................<br>
.............................<br>
.............................<br>
.............................
</td>
</tr>
<tr>
<td>8. कविता की पंक्ति लिखो</td>
<td>
<ul>
<li>कविता की समझ बन पाएगी।</li>
<li>लेखन कौशल का विकास होगा।</li>
</ul>
</td>
<td>
<ul>
<li>नीचे दिए गए भावार्थ कविता की किस पंक्ति में है लिखो-</li>
</ul>
<table>
<tr><th>क्र.</th><th>भावार्थ</th><th>कविता की पंक्तियाँ</th></tr>
<tr><td>1</td><td>अपने देश के लिए प्राण दे देना।</td><td></td></tr>
<tr><td>2</td><td>कठिन परिस्थितियों में धैर्य रखना।</td><td></td></tr>
<tr><td>3</td><td>जीवन में हमेशा आगे बढ़ना तथा ऊँचाई पर चढ़ना।</td><td></td></tr>
</table>
</td>
</tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| 9. सोचो और बताओ | • कल्पनाशीलता, तर्क करना, अपने विचारों को व्यक्त करना आदि कौशलों का विकास होगा। | **सोचो और बताओ -**<br>1. यदि हवा न बहे तो<br>2. यदि सूरज न निकले तो<br>3. यदि पेड़-पौधे न हो तो |
| **चतुर्थ दिवस**<br>**( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )** | | |
| 10. रचनात्मक कार्य | • बच्चों में कल्पनाशीलता का विकास होगा और वे स्वतंत्र लेखन कर पाएँगे। | • सूरज का चित्र बनाकर उस पर पांच वाक्य लिखो? |
| 11. पढ़ो और समझो | • पाठ्य पुस्तक के अतिरिक्त अन्य कविताओं को पढ़ना और पढ़ कर समझना सीख पाएँगे। | **पढ़ो और समझो**<br>उदाहरण -<br>गहरा पानी, छिछला पानी,<br>तैर रही है मछली रानी।<br>आँख मींचती, पूँछ हिलाती,<br>उछल-कूद करती मनमानी।।<br><br>रंग-बिरंगी मन को भाती,<br>पास बुलाओ, कभी न आती।<br>हाथ बढ़ाओ, गोता खाती,<br>आटा डालो, गुट कर जाती। |


**पंचम दिवस**

**आकलन**

- सूर्य हमें प्रकाश देता है, ये हमें क्या देते हैं -
  1. पेड़ - ..................
  2. बादल - ..................
  3. मधुमक्खी - ..................
  4. गाय - ..................
- दीपक का चित्र बनाकर पाँच वाक्य लिखों।
- तुम अपने स्कूल, घर या घर के आसपास सुविधाजनक स्थानों/गमलों में पौधे लगा कर उनकी देखभाल करों।

**टीप : शिक्षक उपरोक्त गतिविधियों के साथ-साथ पाठ में दिए गए अभ्यासों और गतिविधियों को भी कराएँ तथा दीक्षा पोर्टल में पाठ से संबंधित वीडियो भी दिखाएँ।**

**शिक्षक का अनुभव –**

| गतिविधि क्रमांक – 1<br>कविता का स्वतंत्र वाचन | गतिविधि क्रमांक 5 –<br>शब्दावली विकास | गतिविधि क्रमांक 5 –<br>शब्दावली विकास | |
|---|---|---|---|
|  |  |  |  |

# पाठ 2

## सच्चा बालक

| लर्निंग आउटकम्स | LH301, LH303, LH305, LH306, LH307, LH308 |
|---|---|

| गतिविधि | गतिविधि क्यों करें? | गतिविधि कैसे करें ? |
|---|---|---|
| **प्रथम दिवस** | | |
| 1. पाठ के शीर्षक पर चर्चा | • पाठ के शीर्षक पर चर्चा करने से बच्चे पाठ से संबंधित अनुमान लगा सकेंगे।<br>• पाठ पर समझ बढ़ेगी।<br>• कल्पनाशीलता बढ़ेगी। | **बच्चों से पाठ के शीर्षक पर चर्चा करें -**<br>• शिक्षक जो बच्चा अच्छा काम करता है उसे क्या कहते हैं ?<br>• जो बच्चा हमेशा सच बोलता है उसे क्या कहते हैं ?<br>• इस पाठ का नाम 'सच्चा बालक' क्यों रखा गया होगा ?<br>• दैनिक जीवन की घटनाओं से जोड़ते हुए बच्चों को यह ढूँढने के लिए प्रोत्साहित करें कि गाँव/पारा /मोहल्ले में किसी व्यक्ति को लोग बढ़िया, सच्चा आदमी बोलते/मानते हैं क्या? यदि हाँ तो उन्हें ऐसा क्यों मानते हैं।<br>• देश को स्वतंत्र कराने में किन-किन महापुरुषों ने योगदान दिया? |
| 2. पाठ का आदर्श वाचन | • बच्चे धाराप्रवाह पढ़ना सीख सकेंगे। | • शिक्षक पाठ को उचित हाव-भाव के साथ पढ़ें।<br>• बच्चों से समूह पठन, स्वतंत्र पठन कराएँ। |
| **द्वितीय दिवस ( प्रथम दिवस की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )** | | |
| 3. पाठ पर चर्चा | • पाठ पर समझ, रूचि बढ़ेगी। | • इस पाठ में किसके बारे में बताया गया है ?<br>• गोपाल कृष्ण गोखले क्यों प्रसिद्ध हैं ?<br>• गोपाल कृष्ण गोखले के बचपन की घटना बताओ ? |
| 4. सोचो और बताओ | • सोचने, समझने एवं अपनी बात रख पाने की क्षमता का विकास होगा। | 1. गोपाल सिसकियाँ भरते हुए कहने लगा, गुरूजी आप मेरी प्रशंसा कर रहे है किन्तु यह प्रश्न मैंने अपने आप हल नहीं किया।<br>• क्या गोपाल ने गुरूजी को बताकर सही किया ? यदि हाँ तो क्यों और नहीं तो क्यों?<br>• यदि आप गोपाल के स्थान पर होते तो क्या करते ? |
| **तृतीय दिवस ( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )** | | |
| 5. शब्दावली विकास | • बच्चे नए-नए शब्द जान पाएँगे और अपने दैनिक जीवन में उनका उपयोग कर पाएँगे। | • **दिए गए शब्दों के सही अर्थ क्या है-**<br>(क) योगदान- मदद करना, दान करना<br>(ख) उज्ज्वल - प्रकाश, स्वच्छ<br>(ग) प्रसिद्ध - मशहूर, तारीफ<br><br>• **सही शब्द पर गोला लगाओ -**<br>1. स्वतत्र, स्वतंत्र, सवत्रंत<br>2. उज्जवल, उज्ज्वल, उजजवल<br>3. प्रशषा, प्रसंसा, प्रशंसा<br>4. प्ररसिद्ध, प्रसिद्ध, प्रशिद्ध |

**6. किसने-किसने कहा**

- एकाग्रता बढ़ेगी।
- याद रखने की क्षमता बढ़ेगी।

**किसने किससे कहा -**

| क्र. | वाक्य | किसने कहा | किससे कहा |
|---|---|---|---|
| 1 | बेटा! तुम तो बहुत योग्य हो, भला रो क्यों रहे हो? | | |
| 2 | गुरुजी/ आप मेरी प्रशंसा कर रहे हैं किंतु यह प्रश्न मैंने अपने आप हल नहीं किया। | | |
| 3 | बेटा, ‘‘एक दिन तुम अपने देश का नाम उज्ज्वल करोगे।’’ | | |

**चतुर्थ दिवस**

**( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )**

**7. व्याकरण**

- व्याकरण की समझ विकसित होगी।

**दिए गए शब्दों में संज्ञा शब्द छाँटकर लिखो -**

1. पढ़ाई, बढ़ई, सिकाई,
2. मीठा, खट्टा, अंगूर
3. बंदर, अंदर, बाहर
4. पका, पीला, आम

- **दिए गए शब्दों को बारह खड़ी के क्रम में जमाओ –**
  भटा, भोर, भौंरा, भीतर, भात, भेजना, भीगा, भैंस, भुवन, भूल, भिनभिनाना, भ्रम।

- ऐसे शब्द लिखो जिसमें ‘ र्’(रेफ की मात्रा), ‘ ्र ’(रकार) वाले शब्द लिखो। जैसे -
  1. कर्म, धर्म, ..............., ...........
  2. प्रकाश, प्रयत्न, ..............., ..............

**8. महापुरूषों के जीवन की विशेषताएँ**

- जीवन मूल्यों का विकास होगा।
- इस कहानी को पढ़कर तुमको गोपाल कृष्ण गोखले के बारे में कौन-कौन सी बातें पता चली। अपने शब्दों में लिखो?

**पंचम दिवस**

**आकलन**

- संज्ञा शब्द पर गोला लगाओ -
  1. पेन, घूमना, पढ़ना
  2. रूकना, जाना, रायपुर
  3. मंजू, खेलना, दौड़ना
- गोपाल कृष्ण गोखले जी की जो बात तुमको पंसद आई हो, उसे लिखो।
- तुम गोपाल कृष्ण गोखले जी के कौन से गुण अपनाना चाहोगे ?

**टीप : शिक्षक उपरोक्त गतिविधियों के साथ-साथ पाठ में दिए गए अभ्यासों और गतिविधियों को भी कराएँ तथा दीक्षा पोर्टल में पाठ से संबंधित वीडियो भी दिखाएँ।**

## शिक्षक का अनुभव –
## हेमू कुमार पटेल, शास. प्राथ. शाला बेलटुकरी

गतिविधि क्रमांक – 1 पाठ के शीर्षक पर चर्चा




गतिविधि क्रमांक – 2 पाठ का आदर्श वाचन




गतिविधि क्रमांक – 3 पाठ पर चर्चा




गतिविधि क्रमांक – 4 सोचो और बताओ



गतिविधि क्रमांक – 5 शब्दावली विकास




गतिविधि क्रमांक – 6किसने-किससे कहा




गतिविधि क्रमांक - 7 बारह खड़ी के क्रम में जमाओ




गतिविधि क्रमांक7 – रेफ व रकार की मात्रा



गतिविधि क्रमांक - 8 महापुरूषों के जीवन की विशेषताएँ




आकलन





आकलन - संज्ञा शब्द पर गोला लगाओ









**आकलन प्रपत्र**

शिक्षक का नाम : हेमू कुमार पटेल

कार्यरत संस्था का नाम : शास. प्राथ. शाला बेलदुकरी

मोहल्ला / स्कूल का नाम : बाजार चौक बेलदुकरी

मोबाइल नंबर : 9753406743

उपस्थित बच्चों की संख्या : 17

दिनांक / दिन : 05/03/2021 – 10/03/2021

---000---

1. पाठ का नाम — सच्चा बालक
2. पाठ कितने दिन में पूरा हुआ — 5 दिन
3. क्या आपको पाठ में दी गई गतिविधियाँ समझ में आई ? हाँ / नहीं — हाँ
4. क्या आपने पूरी गतिविधियाँ कराई ? हाँ / नहीं — हाँ
5. यदि नहीं तो क्यों? और कौन–सी गतिविधि नहीं कराई ? — लागू नहीं
6. गतिविधियाँ कराते समय आपको कौन–कौन सी समस्याएँ हुई? — संकोची बच्चे सामने नहीं आये।
7. कौन–कौन सी गतिविधियों में बच्चों की सक्रिय सहभागिता नहीं थी? — लागू नहीं
8. पाठ को रोचक बनाने के लिए आपके सुझाव — पाठ का संवाद कथन बनाकर नाटक का अभिनय कराना।
9. पाठ को पढ़ाने के दौरान आपके अनुभव — मित्रवत व्यवहार से गतिविधियाँ सरल बनती है।
10. पाठ से संबंधित वीडियो (2–3 मिनट) व फोटो। — संलग्न।
11. इस पाठ की व्याकरण / अवधारणा संबंधित त्रुटियाँ • लर्निंग आउटकम्स – व्याकरण खण्ड में बारहखड़ी में ई की मात्रा वाले शब्द (भीतर, भीगा) दो बार है। • (ृ) रकार वाले शब्द- (भ्रम) को बारहखड़ी में रखना।

नाम व हस्ताक्षर

हेमू कुमार पटेल

# पाठ 4

## बंदर बाँट

| लर्निंग आउटकम्स | LH301, LH302, LH308, LH309, LH310, LH311 |
|---|---|

<table>
<tr><th>गतिविधि</th><th>गतिविधि क्यों करें?</th><th>गतिविधि कैसे करें ?</th></tr>
<tr><th colspan="3">प्रथम दिवस</th></tr>
<tr><td>1. पूर्व ज्ञान पर चर्चा</td><td>• अपने अनुभव सुना पाएँगे तथा दूसरों के अनुभव को भी सुन पाएँगे।<br>• पाठ को पढ़ने की जिज्ञासा उत्पन्न होगी।</td><td>• तुमने कौन-कौन से जानवर देखें हैं नाम बताओ।<br>• इस पाठ का नाम 'बंदर बाँट' क्यों रखा गया होगा?<br>• तुम लोगों को ने कौन-कौन से रंग की बिल्ली देखी है ?<br>• क्या तुमने बंदर देखा है ? बंदर का अभिनय करके बताओ।<br>• आपस में लड़ने से क्या होता है?</td></tr>
<tr><td>2. चित्र पर चर्चा</td><td>• चित्र पर चर्चा करने से बच्चों में अवलोकन करने, तर्क करने, अनुमान लगाने जैसे कौशलों का विकास होगा।</td><td>• तुम्हें चित्रों में क्या-क्या दिखाई दे रहा है?<br>• बिल्लियाँ आपस में क्या बात कर रही होगी?<br>• बिल्लियाँ टेबल पर क्यों चढ़ी होंगी?<br>• टेबल पर क्या रखा है ?<br>• बंदर क्या कर रहा है ?</td></tr>
<tr><td>3. पाठ का आदर्श वाचन</td><td>• बच्चे धाराप्रवाह पढ़ना सीख पाएँगे।</td><td>शिक्षक पहले पाठ का सारांश बताए फिर पाठ उसको उचित हाव-भाव के साथ पढ़े।<br>• बच्चों से समूह पठन, स्वतंत्र पठन कराएँ।</td></tr>
<tr><th colspan="3">द्वितीय दिवस<br>( प्रथम दिवस की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )</th></tr>
<tr><td>4. पाठ पर चर्चा</td><td>• पाठ पर समझ बनेगी।</td><td>• इस पाठ में किसके बारे में चर्चा की गई है?<br>• बिल्लियों को रोटी की महक आ रही थी। तुम्हें और किन-किन चीजों की महक अच्छी लगती हैं जो खाने से जुड़ी नहीं है।<br>• दोनों बिल्लियाँ आपस में क्यों लड़ रही थी ?<br>• रोटी किसने पहले देखी ?<br>• बंदर क्यों आया ?</td></tr>
<tr><td>5. जोड़ी बनाओं</td><td>• शब्द भंडार में वृद्धि होगी।<br>• बच्चे नए – नए शब्दों से परिचित होंगे ।</td><td>• नीचे दिए गए शब्दों की जोड़ी बनाओ-
<table>
<tr><th>क</th><th>ख</th></tr>
<tr><td>पलड़ा</td><td>ढूँढ़ना</td></tr>
<tr><td>हक</td><td>न्यायालय</td></tr>
<tr><td>पछताना</td><td>न्याय</td></tr>
<tr><td>कचहरी</td><td>दूसरे की वस्तु अनुचित रूप से लेना</td></tr>
<tr><td>धरमकाँटा</td><td>सुगंध</td></tr>
<tr><td>हड़पना</td><td>गुस्सा करना</td></tr>
</table></td></tr>
</table>

<table>
<tr><td></td><td></td><td>
<table>
<tr><td>बचा-खुचा</td><td>तराज़ू</td></tr>
<tr><td>फैसला</td><td>अधिकार</td></tr>
<tr><td>खोज</td><td>दुखी होना</td></tr>
<tr><td>महक</td><td>शेष</td></tr>
<tr><td>गुर्राना</td><td>तराज़ू का पलड़ा</td></tr>
</table>
</td></tr>
<tr><td>6. तुकबंदी</td><td>
• समान ध्वनि वाले शब्दों को पहचान पाएँगे।<br>
• नए-नए शब्दों का अर्थ समझ पाएँगे।
</td><td>
• नीचे दिए गए शब्दों की लय से मिलते-जुलते दो-दो शब्दों को लिखो -<br>
<table>
<tr><td>बहना</td><td>रहना</td><td>कहना</td></tr>
<tr><td>बंदर</td><td>-------------</td><td>-------------</td></tr>
<tr><td>नाक</td><td>-------------</td><td>-------------</td></tr>
<tr><td>घोड़ा</td><td>-------------</td><td>-------------</td></tr>
<tr><td>रोटी</td><td>-------------</td><td>-------------</td></tr>
<tr><td>चरम</td><td>-------------</td><td>-------------</td></tr>
<tr><td>झपटी</td><td>-------------</td><td>-------------</td></tr>
</table>
</td></tr>
<tr><td colspan="3">तृतीय दिवस<br>( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )</td></tr>
<tr><td>7. किसने किससे कहा</td><td>
• पाठ को समझने में मदद मिलेगी।<br>
• पाठ के पात्रों व संवाद के बारे में जान पाएँगा।
</td><td>
<table>
<tr><th>क्र.</th><th>वाक्य</th><th>किसने कहा</th><th>किससे कहा</th></tr>
<tr><td>1</td><td>तू डर ; मैं तो लेने जाती हूँ।</td><td>...........</td><td>...........</td></tr>
<tr><td>2</td><td>मैं न दिखाती तो तू न जाती।</td><td>...........</td><td>...........</td></tr>
<tr><td>3</td><td>बचा-खूचा जो हमको दे दे हम बाँट कर खाएंगी।</td><td>...........</td><td>...........</td></tr>
<tr><td>4</td><td>मैं झगड़े की जड़ ही मिटा देता हूँ।</td><td>...........</td><td>...........</td></tr>
</table>
</td></tr>
<tr><td>8. सोचो और बताओ</td><td>
• सोचने, समझने और अपनी बात कहने की क्षमता का विकास होगा।
</td><td>
• बिल्लियाँ यदि आपस में नहीं लड़ती तो क्या होता?<br>
• जब तुम झगड़ते हो तो तुम्हारा फैसला कौन करता है?<br>
• यदि बंदर बीच में नहीं आता तो रोटी किस बिल्ली को मिलनी चाहिए थी?
</td></tr>
<tr><td colspan="3">चतुर्थ दिवस<br>( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )</td></tr>
<tr><td>9. रचनात्मक कार्य</td><td>
• लेखन व चित्रकारी में सुदृढ़ता आ सकेगी तथा उनमें रचनात्मकता और सौन्दर्यबोध का विकास होगा।
</td><td>
• बंदर का चित्र बनाकर रंग भरो।<br>
• पुराने ढक्कन और रस्सी की मदद से तराज़ू बनाओ।
</td></tr>
<tr><td>10. अभिनय</td><td>
• बच्चे पाठ में दिए गए पात्रों से परिचित होंगे तथा उनके द्वारा बोले गए संवादों को समझ पाएँगे।
</td><td>
• कहानी में आए किसी भी एक पात्र का कोई भी एक संवाद ढूंढकर बोलो व लिखो ।<br>
• शिक्षक काली बिल्ली, सफेद बिल्ली व बंदर का रोल बच्चों को दें व उनसे संवाद बोलने व लिखने को कहें।
</td></tr>
</table>

| पात्र | संवाद |
|---|---|
| बिल्ली | ...................... |
| काली बिल्ली | ...................... |
| सफेद बिल्ली | ...................... |
| बंदर | ...................... |

## पंचम दिवस

**आकलन**

- बंदर बाँट नाटक को कहानी में बदलो।
- सोचो और बताओ -

अगले दिन दोनों बिल्लियों को एक तरबूज मिला। दोनों सोचने लगीं इस तरबूज को कैसे बाँटा जाए। तभी फिर से बंदर आ गया, आगे क्या हुआ होगा, लिखो ?

**टीप : शिक्षक उपरोक्त गतिविधियों के साथ-साथ पाठ में दिए गए अभ्यासों और गतिविधियों को भी कराएँ तथा दीक्षा पोर्टल में पाठ से संबंधित वीडियो भी दिखाएँ।**

## शिक्षक का अनुभव –

गतिविधि क्रमांक 3 – पाठ का आदर्श वाचन



# पाठ 5

## मीठे बोल

| लर्निंग आउटकम्स | LH301, LH302, LH304, LH305, LH306, LH307, LH308 |
|---|---|

<table>
<tr><th>गतिविधि</th><th>गतिविधि क्यों करें?</th><th>गतिविधि कैसे करें ?</th></tr>
<tr><td colspan="3">प्रथम दिवस</td></tr>
<tr><td>1. पाठ में दिए गए चित्र एवं शीर्षक पर चर्चा</td><td>• अवलोकन एवं बोलने की क्षमता का विकास होगा।<br>• सुनकर समझ, बोलने की दक्षता का विकास होगा।</td><td>• पाठ में दिए गए चित्रों में तुमहें क्या-क्या दिखाई दे रहा है ?<br>• थाली में कौन-कौन सी चीजें रखी गई हैं?<br>• इस पाठ का शीर्षक मीठे बोल क्यों रखा गया होगा ?<br>• इस पाठ में किसके बारे में बताया गया होगा ?</td></tr>
<tr><td>2. पूर्व ज्ञान पर चर्चा</td><td>• पूर्व ज्ञान पर चर्चा करने पर कक्षा में सहभागिता बढ़ेगी।<br>• नई – नई बातों की जानकारी होगी।</td><td>• तुम लोगों को कौन-कौन सी मिठाइयाँ पसंद हैं?<br>• तुम्हे डांट पड़ने पर कैसा लगता है?<br>• यदि तुम्हारी टीचर तुम से बहुत प्यार से बात करें, तो तुम्हें कैसा लगता है?<br>• कौआ और कोयल में तुमको किसकी आवाज अच्छी लगती है और क्यों?</td></tr>
<tr><td colspan="3">द्वितीय दिवस<br>( प्रथम दिवस की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )</td></tr>
<tr><td>3. कविता का सस्वर वाचन</td><td>• बच्चे कविता को हाव-भाव के साथ गा पाएँगे।<br>• कविता में आए शब्दों से परिचित हो सकेंगे।</td><td>• शिक्षक कविता का पहले सस्वर वाचन करें, फिर समूह वाचन और स्वतंत्र वाचन कराएँ। वाचन पश्चात कविता का सारांश बताएँ।</td></tr>
<tr><td>4. कविता पर बातचीत</td><td>• कविता पर समझ बढ़ेगी।<br>• नए शब्दों की जानकारी होगी।<br>• अभिव्यक्ति क्षमता का विकास होगा।</td><td>• कविता में किन-किन मीठी चीजों के नाम आए हैं ?<br>• गोल मिठाइयों के नाम बताओ?<br>• कुछ मीठे फलों के नाम बताओ?<br>• मीठे बोल का क्या आशय है?<br>• हमे हमेशा कैसे बोलना चाहिए?<br>• कठोर बोल बोलने से क्या होता है?</td></tr>
<tr><td>5. विशेषता बताओ</td><td>• विभिन्न वस्तुओं की विशेषताओं को पहचान कर जान पाएँगे।</td><td>• दी गई मिठाइयों के बारे में कोई एक विशेषता लिखो।
<table>
<tr><th></th><th>मिठाई</th><th>विशेषता</th></tr>
<tr><td>उदा.</td><td>जलेबी</td><td>जलेबी का आकार टेढ़ा-मेढ़ा, गोल होता है।</td></tr>
<tr><td>1</td><td>रसगुल्ला</td><td>................................</td></tr>
<tr><td>2</td><td>रबड़ी</td><td>................................</td></tr>
<tr><td>3</td><td>गुलाब-जामुन</td><td>................................</td></tr>
<tr><td>4</td><td>लड्डू</td><td>................................</td></tr>
<tr><td>5</td><td>आईसक्रीम</td><td>................................</td></tr>
</table></td></tr>
</table>

<table>
<tr><td colspan="3">तृतीय दिवस<br>( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )</td></tr>
<tr><td>6. सोचो और बताओ</td><td>● कल्पनाशीलता एवं नए विचारों का विकास होगा।<br>● बच्चे नए-नए वाक्य बनाना सीख पाएँगे।</td><td>● तुम्हारा छोटा भाई या बहन तुम्हारा खिलौना तोड़ देता है, तो तुम उससे कैसा व्यवहार करोगे?</td></tr>
<tr><td>7. सबसे अलग कौन</td><td>● वर्गीकरण का आधार समझ पाएँगे।</td><td>● यहाँ कुछ समूह दिए दिए हैं प्रत्येक समूह में 5 सदस्य हैं लेकिन इन पाँच में एक ऐसा सदस्य भी है जो किसी विशेष गुण के कारण उनसे अलग है, ढूंढ कर गोला लगाओ –<br>1. मूली, अमरुद, गाजर, शकरकंद, चुकंदर,<br>2. कोयला, मुर्गी, चील, मछली, कबूतर,<br>3. जनवरी, मार्च, मई, मंगल, जुलाई<br>4. सोम, बुध, शुक्र, पूर्णिमा, रवि,<br>5. घास, कुदाली, फावड़ा, हँसिया, खुरपी</td></tr>
<tr><td>8. नए शब्द बनाओ</td><td>● नये शब्द बनाना सीख पाएँगे।</td><td>● एक शब्द है, खूबसूरत।<br>इस शब्द में पाँच वर्ण हैं, इन वर्णों की सहायता से कम से कम 5 शब्द बनाओ।</td></tr>
<tr><td colspan="3">चतुर्थ दिवस<br>( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )</td></tr>
<tr><td>9. समान ध्वनि वाले शब्द</td><td>● शब्द भंडार में वृद्धि होगी।</td><td>● दिए गए शब्दों से मिलते-जुलते दो- दो शब्द बनाओ–<br>खाजा,……………., …………….,<br>गोल,……………., …………….,<br>रसीले, ……………., …………….,<br>भजिया, ……………., …………….,<br>बढ़िया, ……………., …………….,<br>अनमोल, …………., …………….,<br>बोल, ……………., …………….,<br>हमारे, ……………., …………….,</td></tr>
<tr><td>10. नाम खोजो</td><td>● तर्क शक्ति का विकास होगा।<br>● नए-नए शब्दों से परिचित हो पाएँगे।</td><td>● नीचे बनी पहेली में चार-चार वर्णों के चार शब्द विशेष क्रम से लिखे हैं। इनमे से एक सर्प की जाति का, एक वाहन का, एक नगर, का और एक दिन का नाम है। इनके वर्ण एक नियम के अनुसार खानों में लिखे गए हैं। इनके नाम खोजकर लिखो।<br><table><tr><td>अ</td><td>बै</td><td>रा</td><td>सो</td><td>ज</td><td>ल</td><td>य</td><td>म</td></tr><tr><td>ग</td><td>गा</td><td>पु</td><td>वा</td><td>र</td><td>ड़ी</td><td>र</td><td>र</td></tr></table></td></tr>
</table>

## पंचम दिवस

**आकलन**

1. नीचे लिखे शब्दों को उलट कर लिखो तुम देखोगे कि कुछ नए शब्द बन गए अब इन नए शब्दों के विलोम शब्द लिखो -

| शब्द | शब्द का उल्टा रूप | विलोम शब्द |
|---|---|---|
| रहा | हार | जीत |
| यान | | |
| भला | | |
| दया | | |
| नाले | | |

2. शिक्षक एक वाक्य को दो प्रकार से बोलकर बच्चों से पूछें कि तुम्हे कौन -सा वाक्य अच्छा लगा और क्यों।
   जैसे –1. कल तुम क्यों नहीं आए थे ?
   2. बेटा, कल तुम स्कूल क्यों नहीं आए थे, तुम्हें रोज स्कूल आना चाहिए।
   - जाओ तुम अपने पिताजी को बुलाकर लाओ।
   - ठहरो मैं तुम्हारे प्रधानपाठक से शिकायत करती हूँ।

   इस तरह बच्चों को कुछ मीठे/कठोर वाक्य बोलने का अवसर दें।

3. गुलगुला भजिया कैसे बनता है। अपनी माँ/दादी/नानी या किसी अन्य से पूछकर लिखो –
   - सामग्री
   - विधि

**टीप : शिक्षक उपरोक्त गतिविधियों के साथ-साथ पाठ में दिए गए अभ्यासों और गतिविधियों को भी कराएँ तथा दीक्षा पोर्टल में पाठ से संबंधित वीडियो भी दिखाएँ।**

**शिक्षक का अनुभव –**
**श्रीमती खेमिन साहू, शास. प्राथ. शाला बेमचा**

गतिविधि क्रमांक –1पाठ में दिए गए चित्र एवं शीर्षक पर चर्चा



गतिविधि क्रमांक –3कविता का सस्वर वाचन



गतिविधि क्रमांक –8 नए शब्द बनाओ



गतिविधि क्रमांक - 9 समान ध्वनि वाले शब्द



आकलन - विलोम शब्द लिखो



## आकलन प्रपत्र

1. शिक्षक का नाम : श्रीमती खेमिन साहू
2. कार्यरत संस्था का नाम : शासकीय प्राथमिक शाला बेमचा
3. मोहल्ला स्कूल का नाम : खल्लारी पारा बेमचा
4. मोबाइल नम्बर : 7804927310
5. उपस्थित बच्चों की संख्या :
6. दिनांक / दिन : 15/03/2021 से 18/03/2021

---

1. पाठ का नाम : **मीठे बोल**
2. पाठ कितने दिन में पूरा हुआ : **04 दिन**
3. क्या आपको पाठ में दी गई गतिविधि समझ में आयी - **हाँ**
4. क्या आपने पूरी गतिविधियाँ कराई - **हाँ**
5. यदि नहीं तो क्यों ? और कौन सी गतिविधि नहीं किए - ***लागू नहीं***
6. गतिविधियाँ कराते समय आपको कौन-कौन सी समस्याएँ हुई - **कोई विशेष समस्या नहीं हुई | प्रत्यक्ष रूप से कुछ मिठाइयों को नहीं दिखा पाए|**
7. कौन-कौन सी गतिविधियों में बच्चों की सक्रिय सहभागिता नहीं थी - **सभी गतिविधियों में बच्चों की सक्रीय सहभागिता रही |**
8. पाठ को रोचक बनाने के लिए आपके सुझाव – **कविता में दिए गए चित्र को और अधिक स्पष्ट दिखाया जाय| असली फल और मिठाइयों को रखा जाए |**
9. पाठ को पढ़ाने के दौरान आपके अनुभव – **पाठ में दिए गए गतिविधियों को कराने के लिए जो सामग्री लायी गयी थी बच्चे उसे देखकर बहुत उत्साहित हो रहे थे | उन सामग्रियों को देखकर बच्चे नए - नए तर्क लगा रहे थे |**
10. पाठ से संबंधित वीडियो (2-3 मिनट) व फ़ोटो - **संलग्न**
11. इस पाठ की व्याकरण / अवधारणा संबंधित त्रुटियाँ - ........
12. रोचक जवाब – **गतिविधि क्रमांक 05 में मिठाईयों की विशेषता पूची गई है | इस गतिविधि के दौरान एक बच्चा साहिल के द्वारा जलेबी के बारे में बताया गया कि जलेबी का घोल चीला के घोल के जैसा होता है जिसके कारन उसे गोल नहीं बेला जा सकता इसलिए जलेबी का आकार टेढ़ा-मेढ़ा और गोल होता है | यह बात मुझे बहुत रोचक लगी |**

# पाठ 6

## कबूतर और मधुमक्खियाँ

| लर्निंग आउटकम्स | LH301, LH302, LH303, LH304, LH306, LH308, LH312 |
|---|---|

| गतिविधि | गतिविधि क्यों करें? | गतिविधि कैसे करें ? |
|---|---|---|
| **प्रथम दिवस** | | |
| 1. चित्र एवं पाठ के शीर्षक पर चर्चा | • चित्र पर चर्चा करने से बच्चों में अनुमान लगाने तथा अवलोकन करने की क्षमता का विकास होगा। | पाठ्यपुस्तक की कहानी **'कबूतर एवं मधुमक्खियाँ'** के चित्र को दिखाकर बच्चों से प्रश्न पूछें -<br>• चित्र में तुम्हें क्या-क्या दिखाई दे रहा है ?<br>• चित्र में कितने पेड़ है ?<br>• कबूतर नदी की तरफ क्यों जा रहा है?<br>• **'कबूतर और मधुमक्खी'** इस कहानी में किसके बारे में बताया गया होगा ? |
| 2. पूर्व ज्ञान पर चर्चा | • अपने अनुभव को कक्षा में बता पाएंगे तथा दूसरों के अनुभव को सुनकर समझ सकेंगे। | • क्या तुम्हारे गाँव/शहर में कोई नदी बहती है। उसका नाम बताओ ?<br>• क्या तुमने मधुमक्खियाँ देखी है। मधुमक्खी से हमेंक्या प्राप्त होता है? |
| **द्वितीय दिवस**<br>**( प्रथम दिवस की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )** | | |
| 3. कहानी सुनाना | • कहानी सुनने, समझने व बोलने के कौशल का विकास होगा। | • शिक्षक कहानी को हाव-भाव के साथ सुनाएँ और बीच-बीच में अनुमान लगाने के लिए प्रश्न भी पूछें। |
| 4. कहानी का पठन | • बच्चे धाराप्रवाह पढ़ पाएँगे।<br>• बच्चे एक-दूसरे के सहयोग से पढ़ना सीख जाएंगे। | • शिक्षक बच्चों को समूह में/जोड़ो में/स्वतंत्र रूप से पढ़ने कहें। |
| **तृतीय दिवस**<br>**( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )** | | |
| 5. कहानी पर चर्चा | • कहानी पर समझ बन सकेगी। | दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताओ .<br>प्र. 1- पेड़ पर कौन रहता था ?<br>उत्तर - ..................................<br>प्र. 2 –मधुमक्खी किस मुसीबत में फंस गई थी ?<br>उत्तर - ..................................<br>प्र. 3 –आपको कहानी में सबसे अच्छा कौन लगा और क्यों ?<br>उत्तर- ..................................<br>प्र. 4- कबूतर ने रानी मक्खी की सहायता न की होती तो क्या होता ?<br>उत्तर- ..................................<br>प्र. 5- मधुमक्खियों ने कबूतर के लिए क्या किया ?<br>उत्तर- .................................. |

| | | |
|---|---|---|
| 6. कौन क्या ? | • कहानी में दिए गए पात्रों के बारे में जान पाएंगे। | कहानी के हिसाब से बताओ की कौन क्या है -<br>• दयावान<br>• परेशान<br>• समझदार<br>• दुष्ट |
| **चतुर्थ दिवस**<br>**( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )** | | |
| 7. वाक्य बनाओ | • वाक्यों के क्रम को व्यवस्थित करना सीखेंगे। | दिए गए शब्दों को सही क्रम में रखकर वाक्य बनाओ -<br>• मधुमक्खी गई पत्ते चढ़ पर।<br>• किनारे कबूतर पानी एक रहा पी था नदी के।<br>• पक्षी भय से सभी छिपने इधर-उधर लग |
| 8. सोचो और बताओ | • तर्क, कल्पनाशीलता का विकास होगा।<br>• मूल्यों की समझ विकसित होगी। | • कबूतर की जगह तुम होते तो मधुमक्खी को बचाने के लिए क्या करते? |
| **पंचम दिवस** | | |

**आकलन**

1. परिवेश में पाए जाने वाले किसी पक्षी/जीव के बारे में निम्नलिखित बिन्दुओं में जानकारी दीजिए -

| | |
|---|---|
| नाम | |
| रंग | |
| आवास | |
| भोजन | |
| लाभ/हानि | |
| चित्र | |

2. मधुमक्खियों के छत्ते पर पत्थर क्यों नहीं मारना चाहिए ?

3. दिए गए वाक्यों से शब्द बनाओ:-
   1. कोशिश
   2. व्याकुल होना
   3. बॉट जोहना

**टीप : शिक्षक उपरोक्त गतिविधियों के साथ-साथ पाठ में दिए गए अभ्यासों और गतिविधियों को भी कराएँ तथा दीक्षा पोर्टल में पाठ से संबंधित वीडियो भी दिखाएँ।**

## शिक्षक का अनुभव –

गतिविधि क्रमांक 1 –चित्र एवं पाठ के शीर्षक पर चर्चा



गतिविधि क्रमांक 2 –पूर्व ज्ञान पर चर्चा



गतिविधि क्रमांक 4 - कहानी का पठन (जोड़ों में पठन)



गतिविधि क्रमांक 4 – कहानी का पठन (स्वतंत्र पठन)



गतिविधि क्रमांक 6 –कौन क्या ?



गतिविधि क्रमांक 7 – वाक्य बनाओ



# पाठ 7

## चाँद का कुरता

| लर्निंग आउटकम्स | LH301, LH302, LH303, LH304, LH305, LH308, LH311 |
|---|---|

| गतिविधि | गतिविधि क्यों करें? | गतिविधि कैसे करें ? |
|---|---|---|
| | **प्रथम दिवस** | |
| 1. पूर्व ज्ञान पर चर्चा | • पाठ के साथ जुड़ाव होगा।<br>• सुनने-बोलने के कौशलों का विकास होगा। | शिक्षक पाठ पढ़ाने के पूर्व बच्चों से चर्चा करें -<br>• आकाश में हमें क्या-क्या दिखाई देता है?<br>• चाँद को और किस नाम से पुकारते हैं?<br>• ठंड लगने पर तुम किस प्रकार के कपड़े पहनते हो ?<br>• तुम्हारा कुर्ता कौन बनाताहै?<br>• क्या तुमने अपनी माँ से कभी किसी बात के लिए जिद की है?<br>• यदि तुम्हारी जिद पूरी न हो तो तुम क्या करते है ? |
| 2. चित्र पर चर्चा | • चित्र पर चर्चा करने से पाठ के बारे में अनुमान लगा पाएंगे।<br>• अपने अनुभवों को बता पाएंगे।<br>• बच्चों में अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास होगा। | चित्र देखकर बताओ -<br>• चाँद की माँ ने क्या कपड़े पहने हैं?<br>• चाँद ने क्या पहना है?<br>• यह किस समय का चित्र है ? |
| | **द्वितीय दिवस<br>( प्रथम दिवस की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )** | |
| 3. कविता का सस्वर वाचन | • कविता को हाव-भाव के साथ सुना पाएँगे। बच्चे कविता में आए शब्दों के अर्थ से परिचित हो जाएँगे। | • शिक्षक कविता का पहले सस्वर वाचन करें, फिर समूह वाचन और स्वतंत्र वाचन कराएँ। वाचन पश्चात कविता का सारांश बताएँ। |

| | | |
|---|---|---|
| 4. कविता पर चर्चा | • कविता पर समझा बन सकेगी। | दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताओ -<br>प्र. 1 चाँद को यात्रा करने में क्या परेशानी होती है?<br>उत्तर - ...............................................<br>प्र. 2 चाँद की इच्छा पूरी करने में माँ को क्या परे शानी है?<br>उत्तर - ...............................................<br>प्र. 3 सर्दी के मौसम में कौन से कपड़े पहने जाते हैं?<br>उत्तर - ...............................................<br>प्र. 4 तुम अपनी माँ से किस बात की जिद करते हो ?<br>उत्तर - ...............................................<br>प्र. 5 चाँद किस दिन पूरी तरह से गोल दिखाई देता है?<br>उत्तर - ...............................................<br>प्र. 6 चाँद किस दिन नहीं दिखाई देता?<br>उत्तर - ...............................................<br>प्र. 7 वर्षा से बचने के लिए चाँद अपनी माँ से क्या माँगेगा?<br>उत्तर - ............................................... |
| 5. विलोम शब्द | • शब्द भण्डार में वृद्धि होगी। | **विलोम शब्द** –<br>'बड़ा किसी दिन हो जाता है और किसी दिन छोटा'। बड़ा और छोटा आपस में विलोम है, इस तरह नीचे दिए गए वाक्यों को पूरे करो -<br>• रात में तारे चमकते हैं, ....... में सूरज चमकता है।<br>• चाय गरम ही अच्छी लगती है, जूस........ ही अच्छा लगता है।<br>• हाथी के पैर बहुत मोटे होते हैं, चूहे की पूँछ बहुत ...... होती है।<br>अब इसी तरह के दो वाक्य और बनाओ। |
| तृतीय दिवस<br>( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद ) | | |
| 6. दो-दो बार प्रयोग | • शब्द भंडार में वृद्धि होगी। | • सन-सन करती हवा, रात-भर जाड़े में मरता हूँ<br>• यहाँ सन-सन शब्द का दो बार प्रयोग किया गया है। वैसे ही कुछ और शब्द लिखो। |
| 7. चंद्र बिंदु का अभ्यास | • बच्चे चंद्र बिंदु वालों शब्दों को पहचान कर पढ़ सकेगें। | • पाठ में आए ' ँ ' चंद्र बिंदु तथा ' ं ' अं बिंदु वाले शब्दों को छांटकर लिखिए। |

| | | |
|---|---|---|
| 8. संवाद कौशल | • बातचीत करने के कौशल सीखेंगे | **माँ से चाँद की बातचीत -**<br>• चाँद ने कुर्ता सिलवाने की बात कविता में कही है। अब दोनों की बातचीत बिना कविता के कहो –<br>उदाहरण –<br>चाँद – माँ, मुझे आपसे एक जरुरी बात करनी है।<br>माँ – कहो बेटा !<br>चाँद ............... |
| **चतुर्थ दिवस**<br>**( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )** | | |
| 9. किसकी-कैसी जिद | • कल्पना करने और तर्क करने के कौशलों का विकास | • इस कविता में चाँद ने कुर्ते के लिए अपनी माँ से जिद की है। अगर सूरज अपनी माँ से कुछ मांगे तो बताओ वह किस चीज के लिए जिद करेगा। |
| 10. रचनात्मक कार्य | • बच्चों की रचनात्मकता का विकास होगा। | • चाँद कीअलग-अलगआकृतियों के चित्रबनाओ।<br>• माँ ने चाँद को ऐसी कौन-सी ड्रेस सुझाई जिसे वह हर रोज पहन सकता है ? अपनी कल्पना के आधार पर उस ड्रेस का चित्र बनाओ। |

**पंचम दिवस**

**आकलन**

- भाड़े का कुर्ता
    1. " न हो अगर तो ला दो कुर्ता ही भाड़े का।" यहाँ पर भाड़े के कुर्ते से क्या मतलब है ? अगर चाँद की माँ उसके लिए तुम्हारे पास कुर्ता भाड़े पर लेने के लिए आ जाए तो तुम उनके सामने क्या - क्या शर्तें रखोगे? तुम्हारी तरफ से एक शर्त यहाँ लिखी जा रही है – कुर्ता ठीक दो दिन में वापिस कर देना।

- माँ चाँद का कुर्ता सिलवाने के लिए क्यों तैयार नहीं है? सही (√)का निशान लगाओ –
    1. उसके पास पहले से ही बहुत कुर्ते हैं।
    2. नया कुर्ता सिलवाने के लिए पैसे पूरे नहीं हैं।
    3. वह समझ नहीं पा रही कि किस नाम का कुर्ता बनवाया जाए।
    4. कुर्ते के लिए उपयुक्त कपड़ा नहीं मिल पा रहा है।

- नाम की ईकाइयाँ

  " कभी एक अँगुल भर चौड़ा, कभी एक फुट मोटा " । यहाँ पर 'अँगुल' नाप की एक इकाई है |दिए गए किन-किन चीजों को तुम अँगुल से नापना ठीक समझोगे,उन पर गोला बनाओ – श्यामपट्ट, मिटाने वाली रबर, शार्पनर, बैग, पेंसिल, कक्षा में बिछी दरी, चॉक, किताब,ज्योमैट्री बॉक्स, पेन।

**टीप : शिक्षक उपरोक्त गतिविधियों के साथ-साथ पाठ में दिए गए अभ्यासों और गतिविधियों को भी कराएँ तथा दीक्षा पोर्टल में पाठ से संबंधित वीडियो भी दिखाएँ।**

शिक्षक का अनुभव –
श्री योगेश कुमार निर्मलकर, शास. प्राथ. शाला नवागांव,

गतिविधि क्रमांक 1 – पूर्वज्ञानपरचर्चा



गतिविधि क्रमांक 2 – कविता का सस्वर वाचन



गतिविधि क्रमांक 2 – कविता का सस्वर वाचन (जोड़े में)



गतिविधि क्रमांक 2 – कविता का सस्वर वाचन



गतिविधि क्रमांक 4 - कविता पर चर्चा



गतिविधि क्रमांक 6 – दो-दोबारप्रयोग



गतिविधि क्रमांक 8 – संवाद कौशल



गतिविधि क्रमांक 10– रचनात्मक कार्य



गतिविधि क्रमांक 10 – रचनात्मक कार्य





## आकलन प्रपत्र

1. शिक्षक का नाम : योगेश कुमार निर्मलकर
2. कार्यरत संस्था का नाम : शासकीय प्राथमिक शाला नवागाँव
3. मोहल्ला स्कूल का नाम : शासकीय प्राथमिक शाला नवागाँव
4. मोबाइल नम्बर : 9770199268
5. उपस्थित बच्चों की संख्या : 19
6. दिनांक / दिन : 0 3/03/2021

---

1. पाठ का नाम : चाँद का कुरता
2. पाठ कितने दिन में पूरा हुआ : 04 दिन
3. क्या आपको पाठ में दी गई गतिविधि समझ में आयी - हाँ
4. क्या आपने पूरी गतिविधियाँ कराई - हाँ
5. यदि नहीं तो क्यों ? और कौन सी गतिविधि नहीं किए - *लागू नहीं*
6. गतिविधियाँ कराते समय आपको कौन-कौन सी समस्याएँ हुई - कोई विशेष समस्या नहीं हुई | परन्तु चित्र पर चर्चा वाले गतिविधि में चित्र पर बहुत अधिक बातें नहीं कर पाए, हालांकि पाठ का शीर्षक और शुरूआती वाक्यों को पढ़कर अपनी बात रख पा रहे थे |
7. कौन-कौन सी गतिविधियों में बच्चों की सक्रिय सहभागिता नहीं थी - लगभग सभी गतिविधियों में बच्चों की सहभागिता दिखी |
8. पाठ को रोचक बनाने के लिए आपके सुझाव - 1. कागज का चाँद बनाने, चाँद से संबंधित गीत/कहानी आदि की गतिविधियाँ करवाई जा सकती है |

   2. चाँद के स्थान पर अपने या दोस्तों के नाम से कविता बोलने की गतिविधि करवाई जा सकती है |

   3. कैसी-कैसी जिद गतिविधि में नैतिक चर्चा को शमिल किया जा सकता है | इसके लिए बड़ों से बात कर/पता कर बच्चों के द्वारा ही सूची बनाया जा सकता है |

   4. छोटी पूरक गतिविधि के रूप से सुविधानुसार शिक्षक बच्चों को चाँद के बदलते रूपों पर वीडिओ दिखा सकते हैं |
9. पाठ को पढ़ाने के दौरान आपके अनुभव - इस दौरान मुकेश नाम का बच्चा ने प्रश्न(कल्पना) किया कि चाँद में बहुत धब्बा दिखता है , *चिरहा-फटहा* कपड़ा पहना होगा क्या ?
10. पाठ से संबंधित वीडियो (2-3 मिनट) व फ़ोटो - संलग्न
11. इस पाठ की व्याकरण / अवधारणा संबंधित त्रुटियाँ - ........

# पाठ 9

# आदिमानव

| लर्निंग आउटकम्स | LH301, LH302, LH303, LH305, LH306, LH308 |
|---|---|

| गतिविधि | गतिविधि क्यों करें ? | गतिविधि कैसे करें ? |
|---|---|---|
| **प्रथम दिवस** | | |
| 1. चित्र पर चर्चा | • चित्र पर चर्चा करने से बच्चों में अनुमान लगाने तथा अवलोकन करने की क्षमता का विकास होगा। | शिक्षक पाठ्य पुस्तक में दिए गए चित्र पर निम्नलिखित प्रश्न पूछें-<br>• इस पाठ में कुल कितने चित्र हैं ?<br>• इन चित्रों को ध्यान से देखकर बताएं कि इन चित्रों में क्या-क्या हो रहा है?<br>• चित्र क्रमांक 1 व चित्र क्रमांक 2 में क्या अंतर है ?<br>• चित्र क्रमांक 1 मे आदमी क्या कर रहा है?<br>• आदिमानव किसे कहते हैं ? |
| 2. पाठ का वाचन | • पाठ का वाचन करने से बच्चों में पढ़ने का अभ्यास होगा । बच्चे एक-दूसरे की मदद से धारा प्रवाह पढ़ना सीख जाएंगे। दिए हुए चित्र एवं वाक्यों के बीच संबंध बता पाएँगे। | • शिक्षक हाव-भाव और चित्रों के साथ बातचीत करते हुए पाठ का पठन करें ।<br>• बच्चों से समूह में, जोड़ों में या स्वतंत्र वाचन कराएँ।<br>• वाचन पश्चात् पाठ का सारांश बताएँ । |
| **द्वितीय दिवस**<br>**( प्रथम दिवस की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )** | | |
| 3. पाठ पर चर्चा | • पाठ के बारे में समझ बन सकेगी।<br>• तर्क करने, विश्लेषण करने, निष्कर्ष कौशलों का विकास होगा। | दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में बताओ –<br>प्रश्न 1 - आदिमानव कच्चा मांस क्यों खाते थे?<br>उत्तर- ..........................................<br>प्रश्न 2 - आदिमानव गुफा में क्यों रहते थे?<br>उत्तर- ..........................................<br>प्रश्न 3 - आदिमानव ने आग का उपयोग करना कैसे सीखा ?<br>उत्तर- ..........................................<br>प्रश्न 4 - आदिमानव को हथियार की जरूरत क्यों पड़ी?<br>उत्तर- .......................................... |
| 4. सोचो और बताओ | • कल्पनाशीलता का विकास होगा।<br>• वाक्य संरचना सुदृढ़ होगी।<br>• शब्दावली का विकास होगा।<br>• नए-नए शब्दों का जान पाएंगे।<br>• बच्चे अपने अनुभवों को बता पाएँगे। | • आदिमानव की जगह आप होते तो आप की दिनचर्या कैसी होती?<br>............................................................<br>• यदि तुम्हारे घर में लाइट ना हो तो कौन-कौन सी समस्याएं होंगी?<br>............................................................<br>• आदिमानव कच्चा मांस खाते थे । आप कौन-कौन सी चीजों को कच्चा खाते हो ?<br>............................................................<br>• आदिमानव प्रकृति के बहुत करीब थे, कैसे?<br>............................................................ |

## तृतीय दिवस
( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )

**5. अशुद्ध शब्दों के शुद्ध रूप लिखो**

- शब्दों को शुद्ध रूप से पढ़ना व लिखना जान पाएँगे।

- दिए गए अशुद्ध शब्दों के शुद्ध रूप लिखो –

| अशुद्ध | पतथर | पहीया | हथीयार | आदीमानव | शीकार |
|---|---|---|---|---|---|
| शुद्ध | ……… | ……… | ……… | ……… | ……… |

**6. व्याकरण**

- संज्ञा व विशेषण को पहचान पाएँगे।

- दिए गए गद्य को पढ़कर संज्ञा एवं विशेषण शब्द की विशेषता की पहचान कर सारणी में लिखो –

आदिमानव के पास हथियार थे। आदिमानव बहुत लंबे थे। ये हजारो वर्ष पहले घने जंगलों में बिना कपड़ो के रहते थे और ये जानवरों का कच्चा मांस खाते थे। घने जंगलों में रहते हुए उन्होंने आग का उपयोग करना सीखा–

| संज्ञा | | | | |
|---|---|---|---|---|
| विशेषण | | | | |

## चतुर्थ दिवस
( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )

**7. प्रश्न बनाओ**

- प्रश्न बनाने के कौशलों को जान पाएँगे।

दिए गए उत्तरों के लिए प्रश्न बनाओ -

उत्तर - आदिमानव गुफा में रहते थे।

प्रश्न – ………………………………

उत्तर - आदिमानव अपनी रक्षा के लिए हथियारों का उपयोग करते थे।

प्रश्न – ………………………………

उत्तर - आदिमानव खेती करने लगे जिसके कारण वे एक स्थान पर रहने लगे।

प्रश्न – ………………………………

**8. चित्रों के साथ उचित शब्दों का मिलान**

- आदिमानव के क्रियाकलापों को चित्रों के माध्यम से समझ पाएँगे।

- दी गई सारणी में चित्र क्रमांक अनुसार आदिमानव के किसी एक क्रियाकलाप के संबंध में कुछ शब्द दिए गए हैं। पाठ्य पुस्तक में दिए गए चित्र को देखकर बताओ कि कौन सा शब्द उस चित्र क्रमांक से संबंधित नहीं है।

| पाठय पुस्तक का चित्र क्रमांक | क्रियाकलाप |
|---|---|
| चित्र क्रमांक 2 | शिकार करना, खेती करना, आग जलाना |
| चित्र क्रमांक 3 | खेती करना, पत्थर रगड़ना, गड्डा खोदना |
| चित्र क्रमांक 6 | गुफा में रहना, हथियार बनाना, फसल उगाना |
| चित्र क्रमांक 10 | चित्रकारी करना, बर्तन बनाना, खेती करना |

## पंचम दिवस

**आकलन**

1. आदिमानव और वर्तमान मानव में क्या अंतर है, निम्नलिखित बिंदुओं में लिखो –

| बिन्दु | आदिमानव | वर्तमान मानव |
|---|---|---|
| भोजन | | |
| आवास | | |
| औज़ार | | |
| वस्त्र | | |
| कृषि | | |
| आभूषण | | |
| मनोरंजन के साधन | | |

2. आदिमानव पाठ को पढ़कर दिए गए शब्दानुसार प्रश्न बनाओ –

- क्या - ..........................................................
- क्यों - ..........................................................
- कैसे - ..........................................................
- कहाँ - ..........................................................
- किसमें - ..........................................................
- कितने - ..........................................................
- कब - ..........................................................

**टीप : शिक्षक उपरोक्त गतिविधियों के साथ-साथ पाठ में दिए गए अभ्यासों और गतिविधियों को भी कराएँ तथा दीक्षा पोर्टल में पाठ से संबंधित वीडियो भी दिखाएँ।**

**शिक्षक का अनुभव –**

गतिविधि क्रमांक 1 -चित्र पर चर्चा



# पाठ 10

## चुहिया की शादी

| लर्निंग आउटकम्स | LH301, LH302, LH303, LH304, LH305, LH308 |
|---|---|

| गतिविधि | गतिविधि क्यों करें ? | गतिविधि कैसे करें ? |
|---|---|---|
| **प्रथम दिवस** | | |
| 1. चित्र एवं पाठ के शीर्षक पर चर्चा | • अनुमान लगाने की क्षमता का विकास होगा | शिक्षक पाठ्य पुस्तक में दिए गए चित्र पर निम्नलिखित प्रश्न पूछें -<br>• पाठ में दिए गए चित्र में तुमको क्या-क्या दिख रहा है?<br>• चित्र में कौन-सा पक्षी उड़ रहा है?<br>• चबूतरे पर कौन बैठा है?<br>• ऋषि क्या कर रहा है?<br>• इस पाठ में किसकी शादी के बारे में बताया गया होगा?<br>• इस पाठ का शीर्षक 'चुहिया की शादी' क्यों रखा गया होगा? |
| 2. पूर्व ज्ञान पर चर्चा | • बच्चों का पाठ के साथ जुड़ाव होगा।<br>• बच्चे अपने अनुभव बता पाएँगे। | पाठ के संदर्भानुसार पूर्व ज्ञान के प्रश्न पूछें-<br>प्र. 1 - क्या तुमने चूहा देखा है?<br>उत्तर - ....................................<br>प्र. 2 - वह कहाँ रहता है और क्या खाता है?<br>उत्तर - ....................................<br>प्र. 3 - क्या तुम्हारे घर या आसपास किसी की शादी हुई है, शादी में किस तरह की तैयारियाँ की जाती है?<br>उत्तर - ....................................<br>प्र. 4 - शादी में कौन कौन से बाजे बजाएँ-जाते हैं?<br>उत्तर - .................................... |
| **द्वितीय दिवस**<br>**( प्रथम दिवस की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )** | | |
| 3. कहानी का वाचन | • बच्चे धाराप्रवाह पढ़ना सीख पाएँगे।<br>• समूह वाचन व जोड़े में वाचन करने से गलतियों को सुधारने व सीखने के अवसर मिलते हैं। | • शिक्षक हाव-भाव के साथ बच्चों को कहानी सुनाएँ फिर बच्चों से समूह वाचन, जोड़ों में पठन व स्वतंत्र वाचन करवाएँ एवं कहानी का सारांश बतायें। |
| 4. कहानी पर बातचीत | • बच्चे कहानी का आंनद ले पाएँगे।<br>• कहानी के संदेश को समझेंगे।<br>• कहानी के माध्यम से मूल्यों की समझ विकसित होगी। | अब बताओ -<br>• ऋषि के पास चुहिया कैसे पहुँची?<br>उत्तर - ..........................................<br>• चूहा को कैसा वर चाहिए था?<br>उत्तर - ..........................................<br>• ऋषि चुहिया की शादी के लिए किसके-किसके पास गए?<br>उत्तर - .......................................... |

<table>
<tr><td></td><td></td><td>
• सूर्य ने ऋषि से चुहियाा के साथ शादी करने के लिए क्यों मना कर दिया?<br>
उत्तर - ........................................<br>
• ऋषि ने चुहिया की शादी चूहे से क्यों कर दी ?<br>
उत्तर - ........................................
</td></tr>
<tr><td>5. किसने किससे कहा</td><td>• पाठ पर समझ विकसित होगीं पात्रों के संवादों को जान पाएगा।</td><td>
• नीचे दिए गए वाक्य किसने किससे कहा -
<table>
<tr><th>क्र.</th><th>वाक्य</th><th>किसने कहा</th><th>किससे कहा</th></tr>
<tr><td>1</td><td>भगवान ! यह मेरी पुत्री है। यह अपना विवाह एक ऐसे वर के साथ करना चाहती है जो अत्यंत शक्तिशाली हो।</td><td>..........</td><td>..........</td></tr>
<tr><td>2</td><td>मुझ से अधिक शक्तिशाली तो पर्वतराज हिमालय है।</td><td>..........</td><td>..........</td></tr>
<tr><td>3</td><td>पिताजी, मुझे ऐसा वर चाहिए जो अत्यंत शक्तिशाली हो’?</td><td>..........</td><td>..........</td></tr>
<tr><td>4</td><td>ऋषिवर ! आप मेरे यहाँ पधारे, इसके लिए मैं आपका आभारी हूँ?</td><td>..........</td><td>..........</td></tr>
</table>
</td></tr>
<tr><td colspan="3">तृतीय दिवस<br>( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )</td></tr>
<tr><td>6. कहानी का अभिनय</td><td>• अभिनय कौशल का विकास होगा।<br>• आत्म विश्वास में वृद्धि होगी।</td><td>• शिक्षक, बच्चों को चूहा, ऋषि, पर्वत, बादल, सूर्य का पात्र बनवाकर उन्हें एक-एक संवाद हाव-भाव के साथ बोलने कहें।</td></tr>
<tr><td>7. शब्दावली विकास</td><td>• शब्द भंडार में वृद्धि होगी।</td><td>
लिखे गए शब्दों के स्त्री रूप लिखो -<br>
उदा. - चूहा - चुहिया<br>
• मोर - ............<br>
• मुर्गा - ............<br>
• बकरा - ............<br>
• हिरन - ............<br>
• बिल्ला - ............
</td></tr>
<tr><td>8. लिंग बदलो</td><td>• लिंग की बारे में जान पाएँगे।</td><td>• दिए गए शब्दों के लिंग बदलो। कुछ शब्द ऐसे भी है जिनमें लिंग नहीं बदले जा सकते उसे भी पहचानो - चूहा, पर्वत, शेर, बादल, बर्तन, गाय, कॉपी, सूर्य, चंद्रमा, बकरी, कुत्ता।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><th colspan="3">चतुर्थ दिवस<br>( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )</th></tr>
<tr><td>9. सोचो और बताओ</td><td>• कल्पनाशीलता, तर्क करना, चिंतन करना आदि कौशलों का विकास होगा।</td><td>• चील के पंजे से चुहिया गिरकर ऋषि के गोद में ना गिरी होती तो क्या होता?<br>• यदि चुहिया तुम्हारे गोद में गिरती तो तुम क्या करते ?</td></tr>
<tr><td>10. ऐसा लगता है कि -</td><td>• ऋषि के चरित्र के बारे में जान पाएगे 'ऐसा लगता है कि' इस गतिविधि से बच्चे ऋषि के गुणों के बारे में जान पाएँगे।</td><td>दी गई पंक्तियाँ पढ़ो इन पंक्तियों के आधार पर बताओं कि तुम ऋषि के बारे में क्या सोचते हो -
<table>
<tr><th></th><th>वाक्य</th><th>चरित्र की विशेषता</th></tr>
<tr><td>उदा.</td><td>ऋषि को अधमरी चुहिया पर तरस आ गया, उन्होंने चुहिया का घाव धोया उसे दूध पिलाया।</td><td>ऋषि दयालु थे।</td></tr>
<tr><td>1</td><td>चूहा अब बड़ी हो गई थी ऋषि को चुहिया के विवाह की चिंता हुई।</td><td>............</td></tr>
<tr><td>2</td><td>बेटी तुम्हें कैसा वर पसंद है।</td><td>.............</td></tr>
<tr><td>3</td><td>ऋषि चुहिया को लेकर सूर्य, बादल और पर्वत के पास पहुँचे।</td><td>............</td></tr>
<tr><td>4</td><td>ऋषि ने शुभ मुहूर्त देखकर आश्रम में ही चूहे से चुहिया की शादी कर दी।</td><td>............</td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td>11. रचनात्मक कार्य</td><td>• बच्चों की सृजनशीलता का विकास होगा।<br>• सौंदर्यबोध का विकास होगा।</td><td>• गुँथे हुए आटे या मिट्टी से चूहा बनाओ।<br>• बादल, पहाड़, सूर्य का चित्र बनाकर रंग भरो।</td></tr>
</table>

## पंचम दिवस

**आकलन**

- ऋषि पर 4 वाक्य लिखो।
- ऐसे शब्द लिखो जिसमें 'ऋ' का उपयोग हुआ हो। जैसे ऋतु, ऋषभ आदि।
- 'चुहिया की शादी' कहानी को पाँच वाक्यों में लिखो। प्रथम वाक्य कहानी की शुरूआत के लिए एवं अंतिम वाक्य कहानी के अंत के लिए बाकि 3 लाइन आप सोचकर लिखो -
  उदा. - ऋषि की गोद में एक चुहिया आकर गिरी।
  ..............................................................................
  ..............................................................................
- ऋषि ने चुहिया की शादी चूहे से कर दी।

**टीप : शिक्षक उपरोक्त गतिविधियों के साथ-साथ पाठ में दिए गए अभ्यासों और गतिविधियों को भी कराएँ तथा दीक्षा पोर्टल में पाठ से संबंधित वीडियो भी दिखाएँ।**

## शिक्षक का अनुभव –
## श्री संतोष कुमार तारक, शास. प्राथ. शाला शुक्लाभाठा

गतिविधि क्रमांक 1 – चित्र एवं पाठ के शीर्षक पर चर्चा



गतिविधि क्रमांक 3 - कहानी का वाचन



गतिविधि क्रमांक 6 . कहानी का अभिनय



गतिविधि क्रमांक 7 –शब्दावली विकास





गतिविधि क्रमांक 8 - लिंग बदलो




गतिविधि क्रमांक 11 - रचनात्मक कार्य



आकलन – ऋषि पर 4 वाक्य लिखों







आकलन प्रपत्र

शिक्षक का नाम : संतोष कुमार नारके
कार्यरत संस्था का नाम : शा० प्रा० शाला शुक्लाभांठा
मोहल्ला/स्कूल का नाम : मोहल्ला बलाश ग्राम शुक्लाभांठा
मोबाइल नंबर : 8827582779
उपस्थित बच्चों की संख्या : दर्ज 05 उपस्थित 05
दिनांक/दिन : 24-02-2021

———000———

1. पाठ का नाम ....... चुहिया की शादी
2. पाठ कितने दिन में पूरा हुआ ....... 03 दिन
3. क्या आपको पाठ में दी गई गतिविधियाँ समझ में आई ? हाँ/नहीं ....... हाँ
4. क्या आपने पूरी गतिविधियाँ कराई ? हाँ/नहीं ....... हाँ
5. यदि नहीं तो क्यों? और कौन–सी गतिविधि नहीं कराई ? ....... ✓
6. गतिविधियाँ कराते समय आपको कौन–कौन सी समस्याएँ हुई? ....... नहीं
7. कौन–कौन सी गतिविधियों में बच्चों की सक्रिय सहभागिता नहीं थी? ....... ✗
8. पाठ को रोचक बनाने के लिए आपके सुझाव ....... ✗
9. पाठ को पढ़ाने के दौरान आपके अनुभव ....... बच्चे बहुत ही मजे से पाठ का अध्यापन किया
10. पाठ से संबंधित वीडियो (2–3 मिनट) व फोटो।
11. इस पाठ की व्याकरण/अवधारणा संबंधित त्रुटियाँ ....... नहीं


नाम व हस्ताक्षर
संतोष कुमार नारके

# पाठ 11

## दादा जी

| लर्निंग आउटकम्स | LH301, LH302, LH304, LH305, LH306, LH307, LH308 |
|---|---|

<table>
<tr><th>गतिविधि</th><th>गतिविधि क्यों करें ?</th><th>गतिविधि कैसे करें ?</th></tr>
<tr><td colspan="3">प्रथम दिवस</td></tr>
<tr><td>1. पूर्व ज्ञान पर चर्चा</td><td>• पाठ के साथ जुड़ाव होगा।<br>• सुनने-बोलने के कौशलों का विकास होगा।</td><td>• पापा के पापा को दादाजी कहते हैं। इन्हें तुम अपने घर में क्या कहकर बुलाते हो–<br><table><tr><td>पिताजी के पिताजी - दादाजी</td><td>माँ के पापा - ------</td></tr><tr><td>पिताजी की माँ - ------</td><td>माँ की माँ - ------</td></tr><tr><td>पिताजी के बड़े भाई ----</td><td>माँ के भाई - ------</td></tr><tr><td>पिताजी के छोटे भाई ---</td><td>बहन के पति- -----</td></tr><tr><td>पिताजी की बहन -------</td><td>माँ की बहन - -----</td></tr></table></td></tr>
<tr><td>2. शीर्षक पर चर्चा</td><td>• पाठ के बारे जिज्ञासा होगी।<br>• पाठ के विषय में अनुमान लगा पाएंगे।</td><td>• इस पाठ का नाम 'दादाजी' है, दादाजी किसे कहते है?<br>• तुम अपने दादाजी के कौन-कौन से काम करते हो?<br>• इस बात का शीर्षक 'दादाजी' क्यों रखा गया होगा?</td></tr>
<tr><td colspan="3">द्वितीय दिवस<br>( प्रथम दिवस की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )</td></tr>
<tr><td>3. चित्र पर चर्चा</td><td>• चित्र पर चर्चा करने से पाठ के बारे में अनुमान लगा पाएँगे।<br>• अपने अनुभवों को बता पाएंगे।<br>• बच्चों में अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास होगा।</td><td>• प्रथम चित्र पर चर्चा-<br>1. चित्र में तुम्हें क्या-क्या दिखाई दे रहा है?<br>2. पेड़ पर कौन बैठा है?<br>3. हाथ में बर्तन पकड़े हुए व्यक्ति कहाँ खड़ा है?<br>4. बर्तन में क्या होगा?<br><br>• दूसरे चित्र पर चर्चा -<br>1. इस चित्र में तुम्हें क्या-क्या दिखाई दे रहा है ?<br>2. बूढ़े व्यक्ति और छोटे बच्चे में क्या रिश्ता होगा?<br>3. इतने सारे लोग घर में जमा क्यों हैं?<br>4. तुम कैसे पहचानोगे कि वह व्यक्ति बूढ़ा है?</td></tr>
<tr><td>4. पाठ का आदर्श वाचन</td><td>• बच्चों में वाचनकौशल का विकास होगा।<br>• पढ़कर समझने के कौशल का विकास होगा।</td><td>• शिक्षक हाव-भाव के साथ पाठ पढ़े और बीच-बीच में अनुमान लगाने के लिए प्रश्न भी पूछें। जैसे - घर के सामने भीड़ क्यों लगी होगी ?<br>• वाचन पश्चात् कहानी का सारांश भी बताने एवं कठिन शब्दों को बोर्ड पर लिखे।</td></tr>
<tr><td>5. पाठ पर बातचीत</td><td>• पाठ में दिए गए घटनाक्रम को बच्चे समझेंगे।</td><td>दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताओ -<br>प्र. 1 - क्या तुम्हारे साथ भी ऐसा हुआ है कि तुमघर के अंदर अकेले हों और घर का दरवाजा अचानक बंद हो गया हो ?<br>उत्तर - ..................................<br>प्र. 2 - विक्की ने खिड़की के अंदर क्या देखा?</td></tr>
</table>


| | | |
|---|---|---|
| | | उत्तर - ..................................<br>प्र. 3 - डॉक्टर ने दादा जी को मिठाई खाने से मना क्यों किया था?<br>उत्तर - ..................................<br>प्र. 4 - विक्की ने खिडकी के अंदर जो देखा उसके बाद वह चुप क्यों हो गया?<br>उत्तर - ..................................<br>प्र. 5 - दादाजी ने विक्की को पिताजी से कैसे बचाया ?<br>उत्तर - ..................................<br>प्र. 6 - तुमको अपने दादाजी की कौन – कौन सी बातें अच्छी लगती हैं ?<br>उत्तर - .................................. |
| **तृतीय दिवस<br>( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )** | | |
| 6. **शब्दावली विकास** | • बच्चों के शब्द भंडार में वृद्धि होगी।<br>• व्याकरण की समझ विकसित होगी। | • दिए गए शब्दों के आधार पर खाली स्थान भरो-<br>लेटर बॉक्स, हवा, किवाड़ , आँचल, सरकते,खामोश, अचानक, भौंचक<br>1. गुफा इतनी छोटी थी कि हम लोग -------- हुए आगे बढ़े।<br>2. पत्र को ----- में डाला जाता है।<br>3. ----- के झोंके से दिया बुझ गया।<br>4. मुझे माँ के ---- में छिपना अच्छा लगता है।<br>5. घर के ---- पर पर्दे लगे थे। |
| 7. **वेब मैपिंग (चित्र संयोजक)** | • वेब मानचित्र के माध्यम से बच्चे अपने जन्मदिन की तैयारी के बारे में बता पाएँगे। | • जन्मदिन में उपयोग की जाने वाली वस्तुओं के नाम वेब जाल में लिखिये-<br> |
| 8. **कहानी पर अभिनय (रोल प्ले)** | • बच्चों की अभिव्यक्ति व रचनात्मकता का विकास होगा।<br>• अभिनय की क्षमता का विकास होगा।<br>• सूक्ष्म अवलोकन क्षमता का विकास होगा। | • पाठ में आए शब्दों की पर्ची बनाकर एक-एक बच्चे को उठाने के लिए कहें और उस पर लिखें शब्द का अभिनय करवाएँ – टकटकी, खामोश, भौंचक सरकना, धूम-धड़ाका, हैरान, रूआंसी, भावुक |
| **चतुर्थ दिवस<br>( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )** | | |
| 9. **सोचो और बताओ** | • तर्क करने के कौशल का विकास होगा।<br>• मूल्यों की समझ विकसित होगी। | • क्या तुम लोग घर में अपने भाई-बहन की गलतियों को छुपाते हैं ? क्या ऐसा करना सही है?<br>• दादा-दादी/,नाना-नानी के साथ रहने में तुम्हें कैसा लगता है? |

| | | |
|---|---|---|
| 10. पहेलियाँ बूझो | • बच्चों को आनंद आएगा। बच्चे पहेली का उत्तर ढूंढने के लिए प्रयास करेंगे। | • **पहेलियाँ बूझो** –<br>1 काला-काला गोल-गोल<br>मीठा-मीठा गोल -गोल<br>देख कर मुंह में आए पानी<br>क्या है उसका नाम बोलो<br><br>2 चाल है मेरी टेढ़ी-मेढ़ी<br>लेकिन हूं मैं रसभरी<br>बाजार हाट में मैं बिकती<br>नाम बताओ सखी-सहेली |
| 11. रचनात्मक कार्य | • बच्चों में रचनात्मक कौशल का विकास होगा। | • क्या आपने लेटर बॉक्स देखा है? अपने घर/आसपास से पता कर उसके बारे में पांच वाक्य लिखो।<br>• जन्मदिन की बधाई के लिए एक ग्रीटिंग कार्ड बनाओ । |

## पंचम दिवस

**आकलन**

- तुम अपने जन्मदिन में क्या-क्या करते हो, बेव जाल में लिखिए। उदाहरण – जन्मदिन पर सहेलियों को बुलाती हूं




- तुम्हारे परिवार में कौन-कौन है उनका नाम और तुमसे क्या रिश्ता है लिखो।
  उदाहरण –

| नाम | रिश्ता |
|---|---|
| सुरेश कुमार | दादा जी |
| ........................ | ........................ |
| ........................ | ........................ |
| ........................ | ........................ |
| ........................ | ........................ |

- कहानी के घटनाक्रम पट्टी को क्रम से जमवाओं -

↓

तौलिये से मुँह पोंछकर दादाजी ने दरवाजा खोला

↓

विक्की ने मित्रों को मिठाई बांटी और दादाजी को मिठाई खिलायी

↓

माँ ने पिताजी को रुआंसी होकर जोर-जोर से पुकारा और घर के आगे भीड़ जमा हो गयी

↓

रात में विक्की का जन्मदिन समारोह मनाया गया, उसके मित्रो ने खूब धूम-धड़ाका किया

**टीप : शिक्षक उपरोक्त गतिविधियों के साथ-साथ पाठ में दिए गए अभ्यासों और गतिविधियों को भी कराएँ तथा दीक्षा पोर्टल में पाठ से संबंधित वीडियो भी दिखाएँ।**

**शिक्षक का अनुभव –**
**श्रीमती मुनिया निर्मलकर, शास. प्राथ. शाला पथर्री**

| गतिविधि क्रमांक 1 – पूर्व ज्ञान पर चर्चा | गतिविधि क्रमांक 4 - पाठ का आदर्श वाचन |
|---|---|
|  |  |
| गतिविधि क्रमांक - | आकलन |
|  |  |

# आकलन प्रपत्र

शिक्षिका का नाम ; श्रीमती मुनिया निर्मलकर

कार्यरत संस्था का नाम ; शासकीय प्राथमिक शाला पथर्री

मोहल्ला/ स्कूल का नाम ; बर पारा पथर्री

मोबाईल नं. ; 9753227682

उपस्थित बच्चों की संख्या ; 12

दिनांक ; 11.03. 2021 से 13.03. 2021

1. **पाठ का नाम** ; दादा जी

2. पाठ कितने दिन में पूरा हुआ ; 03 दिन में

3. क्या आपको पाठ में दी गई गतिविधियां समझ में आई; हाँ

4. क्या आपने पूरी गतिविधियां कराई; हाँ

5. यदि नहीं तो क्यों ? और कौन सी गतिविधि नहीं कराई ;
   - सभी गतिविधियां कराई गई |

6. गतिविधियां कराते समय आपको कौन-कौन सी समस्याएं हुई ?
   - कोई समस्या नहीं हुई |

7. कौन-कौन सी गतिविधियों में बच्चों की सक्रिय सहभागिता नहीं थी ?
   - सभी गतिविधियों में बच्चों की सक्रिय सहभागिता थी |

8. पाठ को रोचक बनाने के लिए आपके सुझाव –
   - पाठ का अभिनय कराया जा सकता है |

9. पाठ को पढ़ाने के दौरान आपके अनुभव –
   - बच्चे ऐसे रोचक कहानी में अधिक रूचि लेते है |

10. पाठ से संबंधित वीडियो (2- 3 मिनट) व फोटो - संलग्न है |

11. इस पाठ की व्याकरण/ अवधारणा संबंधित त्रुटियां –



**नाम व हस्ताक्षर** - श्रीमती मुनिया निर्मलकर

# पाठ 12

## हाथी

| लर्निंग आउटकम्स | LH301, LH302, LH304, LH305, LH308, LH309 |
|---|---|

| गतिविधि | गतिविधि क्यों करें ? | गतिविधि कैसे करें ? |
|---|---|---|
| | **प्रथम दिवस** | |
| 1. पूर्व ज्ञान पर चर्चा | • पाठ के साथ जुड़ाव होगा।<br>• सुनने-बोलने के कौशलों का विकास होगा। | अधिकांश बच्चों ने हाथी देखा हुआ है, अतः शिक्षक हाथी के बारे में बच्चों से अनौपचारिक चर्चा करें -<br>• तुमने हाथी कहाँ-कहाँ देखा है?<br>• हाथी कैसा दिखता है औरवह क्या खाता है?<br>• हाथी के बारे में तुम क्या-क्या जानते हो?<br>• हाथी से संबंधित कोई कविता सुनाओ? |
| 2. पाठ का वाचन | • पाठ के बारे जिज्ञासा होगी।<br>• बच्चे धाराप्रवाह पढ़ना सीख पाएँगे।<br>• पाठ्यपुस्तक के अतिरिक्त अन्य पाठ्यवस्तु को भी पढ़ना सीख पाएँगे। | • शिक्षक हाव-भाव के साथ बच्चों को कहानी सुनाएं फिर बच्चों से समूह वाचन, जोड़ों में पठन व स्वतंत्र वाचन करवाएँ। |
| | **द्वितीय दिवस<br>( प्रथम दिवस की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )** | |
| 3. पाठ पर चर्चा | • पाठ की विषयवस्तु हाथी के बारे में जान पाएँगे।<br>• बच्चों में चर्चा करने का कौशल विकसित होगा। | कहानी सुनाने के उपरान्त पाठ की समझ विकसित करने के लिए शिक्षक प्रश्न पूछें फिर कापी में लिखने कहें -<br>• हाथी जब तुम्हारे गाँव/शहर में आता है, तो तुम क्या करते हो?<br>• महावत किसे कहते हैं?<br>• भारी वस्तुओं को हाथी कैसे उठाता है?<br>• हाथी जुगाली क्यों नहीं करता ?<br>• हाथी सूँड से क्या-क्या काम करता है? |
| 4. विलोम शब्द | • बच्चों के शब्द भंडार में वृद्धि होगी।<br>• बच्चे विभिन्न शब्दों के समानार्थी शब्दों के साथ- साथ विलोम शब्दों को भी समझ पाएँगे। | • तुम जानते हो कि बहुत से शब्दों में 'अ' जोड़ने से मूल शब्द का विलोम शब्द बन जाता है। ऐसे ही तुम 8 शब्द लिखो जिसमें 'अ' लगाने पर उनके विलोम बनते है। जैसे - सफल शब्द और असफल। |

**5. प्रत्यय**

- प्रत्यय किसे कहते है? किसी शब्द में प्रत्यय कहाँ लगाए जाते है? प्रत्यय लगने पर शब्द का स्वरूप क्या हो जाता है? इस पर समझ बनेगी।

किसी भी शब्द के साथ अन्य शब्द जुड़ने से नया सार्थक शब्द बनता है उसे 'प्रत्यय' कहते है।

उदाहरण –

| | **शब्द** | - | **प्रत्यय** |
|---|---|---|---|
| 1. | लकड़ | - | वाला |
| 2. | टोपी | - | दार |
| 3. | मीठा | - | ता |
| 4. | तेली | - | आई |
| 5. | समझ | - | हारा |
| 6. | महान | - | ई |
| 7. | टाँगा | - | इन |

- नीचे बॉक्स में कुछ शब्द दिए गए हैं और उनके सामने अगले बॉक्स में एक शब्द दिया गया है। बॉक्स में दिए गए शब्दों के साथ में इस शब्द को जोड़कर नया शब्द बनाओ और लिखो-

| | | |
|---|---|---|
| चमक | **दार** | चमकदार |
| दुकान | | ------------- |
| ईमान | | ------------- |

| | | |
|---|---|---|
| चूड़ी | **वाला** | ------------- |
| गाड़ी | | ------------- |
| फेरी | | ------------- |

| | | |
|---|---|---|
| भाग्य | **शाली** | ------------- |
| शक्ति | | ------------- |
| बल | | ------------- |

## तृतीय दिवस
## ( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )

**6. शब्द अर्थ**

- पाठ में आए नए-नए शब्दों से परिचित होंगे।
- शब्द भंडार में वृद्धि होगी।

नीचे दिए गए शब्दों में से समान अर्थ वाले शब्दों को बॉक्स में लिखो -

महावत संसार
नहाना नवजात
शाकाहारी दुनिया

| | |
|---|---|
| स्थान | नहाना |
| | |
| | |
| | |
| | |

| | | |
|---|---|---|
| 7. शब्द बनाओ | • दिए गए वर्णों एवं मात्राओं से नए–नए शब्द बना पाएँगे।<br>• शब्द भंडार में वृद्धि होगी। | • **दिए गए वर्णों एवं मात्राओं को जोड़कर शब्द बनाओ -**<br>ज+ ◌ु + ग + ◌ा + ल + ◌ी<br>उदाहरण- गुगल, जुगालीआदि। |
| **चतुर्थ दिवस** | | |
| 8. सोचो और बताओ | • तर्क,कल्पनाशीलता का विकास होगा।<br>• मूल्यों की समझ विकसित होगी। | • हाथी जंगल छोड़कर गाँव की ओर क्यों आ रहे है ?<br>• यदि तुम्हारे घर में हाथी होता तो तुम क्या-क्या करते? |

**आकलन**

कोलाज टेस्ट

1. दिए गए अनुच्छेद के खाली स्थान पर उचित शब्द भरो -

प्राचीन काल से ही मनुष्य हाथी ......... पाल रहा है। राजा, महाराजा इसका ......... सवारी एवं युद्ध के लिए करते .........। पालतू हाथी आज भी जंगलों में ......... ढोने का काम करते हैं। सरकस ......... भी हमें हाथियों के बहुत-से ......... देखने को मिलते थे किन्तु ......... सरकस में इनका उपयोग बंद कर ......... गया है।

2. हाथी एवं ऊँट में क्या-क्या समानता व असमानता है, लिखो।

उदाहरण -

| हाथी (असमानता) | समानता | ऊँट (असमानता) |
|---|---|---|
| उदा. हाथी के बड़े-बड़े दाँत बाहर निकले होते हैं। | दोनों सवारी के काम आते है। | उदा. ऊँट के दाँत अन्दर होते है। |
| | | |
| | | |

**टीप : शिक्षक उपरोक्त गतिविधियों के साथ-साथ पाठ में दिए गए अभ्यासों और गतिविधियों को भी कराएँ तथा दीक्षा पोर्टल में पाठ से संबंधित वीडियो भी दिखाएँ।**


**शिक्षक का अनुभव –**

**श्री गुलश कुमार साहू , शास प्राथ. शाला खट्टी**


गतिविधि क्रमांक 1 - पूर्व ज्ञान पर चर्चा




गतिविधि क्रमांक 4 – विलोम शब्द



गतिविधि क्रमांक 5 - प्रत्यय







आकलन प्रपत्र

शिक्षक का नाम : गुलेश्वर कुमार साहू

कार्यरत संस्था का नाम : शा० प्रा० शाला खपटा

मोहल्ला/स्कूल का नाम : शा० प्रा० शाला खपटा

मोबाइल नंबर : 9770141437

उपस्थित बच्चों की संख्या : 12

दिनांक/दिन :

———000———

1. पाठ का नाम हाथी
2. पाठ कितने दिन में पूरा हुआ [illegible]
3. क्या आपको पाठ में दी गई गतिविधियाँ समझ में आई ? हाँ/नहीं हाँ
4. क्या आपने पूरी गतिविधियाँ कराई ? हाँ/नहीं हाँ
5. यदि नहीं तो क्यों? और कौन–सी गतिविधि नहीं कराई ? —
6. गतिविधियाँ कराते समय आपको कौन–कौन सी समस्याएँ हुई? कोई नहीं
7. कौन–कौन सी गतिविधियों में बच्चों की सक्रिय सहभागिता नहीं थी? सभी में सहभागिता थी
8. पाठ को रोचक बनाने के लिए आपके सुझाव हाथी से सम्बन्धित कहानी, कविता का बच्चों के साथ प्रदर्शन करके
9. पाठ को पढ़ाने के दौरान आपके अनुभव बच्चे उत्साहित थे।
10. पाठ से संबंधित वीडियो (2–3 मिनट) व फोटो। संलग्न है।
11. इस पाठ की व्याकरण/अवधारणा संबंधित त्रुटियाँ गतिविधि 6 में अवधारणा अस्पष्ट

नाम व हस्ताक्षर

गुलेश्वर कुमार साहू

# पाठ 14

## कौन जीता

| लर्निंग आउटकम्स | LH301, LH302, LH304, LH305, LH308, LH309 |
|---|---|

| गतिविधि | गतिविधि क्यों करें ? | गतिविधि कैसे करें ? |
|---|---|---|
| प्रथम दिवस | | |
| 1. शीर्षक पर चर्चा | • अवलोकन क्षमता का विकास होगा। सुनकर समझना, बोलने की क्षमता का विकास होगा। | • पाठ के शीर्षक 'कौन जीता' से तुम क्या समझते हो ?<br>• हार व जीत कब होती है ?<br>• जब तुम जीतते हो तो कैसा लगता है?<br>• जब तुम किसी खेल में हार जाते हो तो क्या करते हो ? |
| 2. कहानी का सारांश | • कहानी की मुख्य घटनाओं के बारे में जानकारी होगी। | • शिक्षक बच्चों को हाव-भाव के साथ कहानी का सारांश बताएं। |
| द्वितीय दिवस<br>( प्रथम दिवस की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद ) | | |
| 3. कहानी का वाचन | • कहानी सुनने, समझने व बोलने के कौशल का विकास होगा। | • शिक्षक कहानी को हाव-भाव के साथ सुनाएँ और बीच-बीच में अनुमान लगाने के लिए प्रश्न भी पूछें फिर बच्चों को कहानी पढ़ने कहें। |
| 4. कहानी पर बातचीत | • कहानी पर समझ बन सकेगी। | प्र. 1 - इस कहानी में किसके बारे में बताया गया है?<br>उत्तर - ..................................................<br>प्र. 2 - हंस कहाँ से आ रहे थे ?<br>उत्तर - ..................................................<br>प्र. 3 - हंस पेड़ पर आकर क्यों बैठ गए थे?<br>उत्तर - ..................................................<br>प्र. 4 - कौए ने हंसों को चुनौती क्यों दी?<br>उत्तर - ..................................................<br>प्र. 5 - कौए के थक जाने से हंस के बच्चे ने क्या किया?<br>उत्तर - ..................................................<br>प्र. 6 - कौआ हंस की पीठ पर बैठकर क्यों डर गयाऔर उसने हंस से क्या कहा ?<br>उत्तर - .................................................. |
| तृतीय दिवस<br>( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद ) | | |
| 5. सोचो और बताओ | • सोचने, समझने एवं अपनी बात रख पाने के कौशल का विकास होगा। | • यदि हंस के बच्चे ने कौए की मदद नहीं की होती तो कौए की क्या दशा होती ?<br>• यदि आप हंस के बच्चे की जगह होते तो क्या करते ?<br>• तुम्हें हंस और कौए में से कौन-सा पात्र अच्छा लगा और क्यों? |
| 6. अपने आस-पास के परिवेश | • अपने परिवेश का सूक्ष्म अवलोकन कर पाएँगे। | 1. कौए के रंग वाले पक्षी का नामबताओ ?<br>2. पेड़ पर किन – किन पक्षियों के घर होते हैं?<br>3. पेड़ – पौधों से हमें क्या – क्या फायदे हैं? |


<table>
<tr>
<td>7. संवाद</td>
<td>• बच्चे कक्षा की चर्चा में सहयोगी बनेंगे।</td>
<td>कहानी में दिए गए पात्रों के संवाद लिखो।
<table>
<tr><th></th><th>पात्र</th><th>संवाद</th></tr>
<tr><td>उदा.</td><td>कौआ बोला</td><td>अरे आप यहाँ बैठे हो। क्या यह बरगद आपका है?</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td></tr>
</table>
</td>
</tr>
<tr>
<td colspan="3">चतुर्थ दिवस<br>( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )</td>
</tr>
<tr>
<td>8. कहानी के पात्र का चरित्र-चित्रण</td>
<td>• पाठ/कविता/कहानी के पात्रों के विषय में जान पाएँगे व उनका चरित्र चित्रण कर पाएँगे।<br>• नैतिक मूल्यों का विकास होगा।</td>
<td>• पात्रों के चरित्र की विशेषता बताओ -
<table>
<tr><td>पात्र</td><td>विशेषता</td></tr>
<tr><td>होशियार</td><td>-----------------</td></tr>
<tr><td>बातूनी</td><td></td></tr>
<tr><td>घमंडी</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td></td></tr>
</table>
• इस कहानी में तुम को कौन-सा पात्र अच्छा लगा और क्यों ?</td>
</tr>
<tr>
<td>9. उचित मात्रा लगाओ</td>
<td>• बच्चे चन्द्र (ँ)एवं ( ं )की मात्रा की पहचान कर पाएँगे।</td>
<td>ँ ं<br>• चाद– ................<br>• चदन– ...............<br>• मगलवार– ..........<br>• मागना – .............<br>• सुदर – ................<br>• साप – ................<br>• झासी – ...............<br>• झझट – ...............<br>• ककड़ – ...............<br>• कापना – ................<br>• अधा – ................<br>• आधी – ................</td>
</tr>
<tr>
<td>10. संज्ञा की अवधारणा</td>
<td>• बच्चे, संज्ञा, क्रिया विशेषण के बारे में जान पाएँगे।</td>
<td>1. 'बरगद' शब्द है -<br>(अ) संज्ञा (ब) सर्वनाम<br>(स) क्रिया (द) विशेषण<br>2. 'शबाना को <u>खेलना</u> पसंद है'- इस वाक्य में रेखांकित शब्द है-<br>(अ) संज्ञा (ब) सर्वनाम<br>(स) क्रिया (द) विशेषण<br>3. इनमें से संज्ञा शब्द है -<br>(अ) गिलास (ब) रोना<br>(स) खेलना (द) पढ़ना<br>4. ''मैं तो मोटी बिल्ली हूँ।'' - इस वाक्य में संज्ञा शब्द है -<br>(अ) मैं (ब) हूँ<br>(स) मोटी (द) बिल्ली</td>
</tr>
</table>

5. ''गौतम और संजना सांपसीढ़ी खेल रहे हैं।'' इस वाक्य में क्रिया शब्द है -
   (अ) गौतम (ब) संजना
   (स) सांप सीढ़ी (द) खेल
6. ''आज मैंने नई साइकिल खरीदी है।'' रेखांकित शब्द हैं -
   (अ) संज्ञा (ब) सर्वनाम
   (स) क्रिया (द) विशेषण

## पंचम दिवस

**आकलन**

- 'कौन जीता' कहानी को दिए गए मानचित्र के अनुसार लिखो।




**टीप : शिक्षक उपरोक्त गतिविधियों के साथ-साथ पाठ में दिए गए अभ्यासों और गतिविधियों को भी कराएँ तथा दीक्षा पोर्टल में पाठ से संबंधित वीडियो भी दिखाएँ।**

## शिक्षक का अनुभव

**श्री नीलकंठ यादव, शास. प्राथ. शाला चौकबेड़ा**

गतिविधि क्रमांक 1 – पाठ के शीर्षक पर चर्चा



गतिविधि क्रमांक 2 – कहानी का सारांश



गतिविधि क्रमांक – 3 कहानी का वाचन



गतिविधि क्रमांक 4 –कहानी पर बातचीत



गतिविधि क्रमांक 5 – सोचो और बताओ




गतिविधि क्रमांक 6 – अपने आस-पास के परिवेश




गतिविधि क्रमांक 7 –संवाद



गतिविधि क्रमांक 8 –कहानी के पात्र का चरित्रचित्रण



गतिविधि क्रमांक 8 – कहानी के पात्र चरित्र चित्रण





# आकलन प्रपत्र

| | |
|---|---|
| शिक्षक का नाम ; | नीलकंठ यादव |
| कार्यरत संस्था का नाम ; | शासकीय प्राथमिक शाला चौकबेड़ा |
| मोहल्ला/ स्कूल का नाम ; | चौकबेड़ा |
| मोबाईल नं. ; | 7089933031 |
| उपस्थित बच्चों की संख्या ; | 10 |
| दिनांक ; | 15/3/2021 से 18/03/2021 |

1. पाठ का नाम ; कौन जीता
2. पाठ कितने दिन में पूरा हुआ ; 04 दिन में
3. क्या आपको पाठ में दी गई गतिविधियां समझ में आई ; हाँ
4. क्या आपने पूरी गतिविधियां कराई ; हाँ
5. यदि नहीं तो क्यों ? और कौन सी गतिविधि नहीं कराई ;
   - सभी गतिविधियां कराईगई ।
6. गतिविधियां कराते समय आपको कौन-कौन सी समस्याएं हुई ?
   - कोई समस्या नहीं हुई
7. कौन-कौन सी गतिविधियों में बच्चों की सक्रिय सहभागिता नहीं थी ?
   - सभी गतिविधियों में बच्चों की सहभागिता थी
8. पाठ को रोचक बनाने के लिए आपके सुझाव –
   - बच्चों को कहानी का अभिनय कराया जा सकता।है
   - बच्चों को चिड़ियों का चित्र बनवाया जा सकता है ।
9. पाठ को पढ़ाने के दौरान आपके अनुभव –
   - बहुत अच्छा रहा।
10. पाठ से संबंधित वीडियो (2- 3 मिनट) व फोटो - संलग्न है
11. इस पाठ की व्याकरण/ अवधारणा संबंधित त्रुटियां –



नाम व हस्ताक्षर - नीलकंठ यादव

# पाठ 15

## मैं हूँ महानदी

| लर्निंग आउटकम्स | LH301, LH302, LH304, LH305, LH311, LH312 |
|---|---|

<table>
<tr><th>गतिविधि</th><th>गतिविधि क्यों करें ?</th><th>गतिविधि कैसे करें ?</th></tr>
<tr><td colspan="3">प्रथम दिवस</td></tr>
<tr><td>1. पूर्व ज्ञान पर चर्चा</td><td>• पूर्व ज्ञान पर चर्चा करने से बच्चे पाठ से जुड़ पाएँगे।<br>• अपने अनुभवों को कक्षा में बता पाएँगे।</td><td>• पानी कहाँ-कहाँ से मिलता है? ढूँढकर गोला लगाओ और लिखो-
<table>
<tr><td>बा</td><td>व</td><td>ड़ी</td><td>झी</td><td>न</td></tr>
<tr><td>रि</td><td>सा</td><td>कुँ</td><td>आ</td><td>ल</td></tr>
<tr><td>श</td><td>सो</td><td>ग</td><td>झा</td><td>ता</td></tr>
<tr><td>च</td><td>न</td><td>ह</td><td>र</td><td>ला</td></tr>
<tr><td>श्या</td><td>दी</td><td>टाँ</td><td>का</td><td>ब</td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td>2. चित्र पर चर्चा</td><td>• चित्र पर चर्चा करने से पाठ के बारे में अनुमान लगा पाएँगे।<br>• अपने अनुभवों को बता पाएँगे।<br>• बच्चों में अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास होगा।</td><td>• चित्र में तुमको क्या-क्या दिखाई दे रहा है ?<br>• नदी के किनारे काले भूरे रंग के क्या है ?<br>• तुमने नदी देखी है, कुछ नदियों के नाम बताओ ?<br>• नदी व तालाब में क्या अंतर है ?<br>• नदियों से क्या-क्या लाभ हैं ?<br>• नदी का पानी गंदा कैसे होता है ?</td></tr>
<tr><td colspan="3">द्वितीय दिवस<br>( प्रथम दिवस की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )</td></tr>
<tr><td>3. कहानी को हावभाव के साथ सुनाना</td><td>• कहानी सुनने, समझने व बोलने के कौशल का विकास होगा।<br>• अनुमान लगा पाएँगे।</td><td>• शिक्षक कहानी को सुनाते हुए बच्चों को अनुमान लगाने के लिए प्रश्न भी पूछें। बच्चों को स्वतंत्र रूप से कहानी पढ़ने कहें। कहानी पढ़ने के उपरांत कहानी की समझ हेतु चर्चा करें।</td></tr>
<tr><td>4. कहानी पर चर्चा</td><td>• कहानी के मुख्य बिन्दु को समझ पाएँगे।<br>• छत्तीसगढ़ की मुख्य नदी/महानदी के महत्व को समझ पाएँगे।</td><td>• सरोवर का पानी नीला क्यों दिखाई दिया?<br>• राजिम में कौन-कौन से मंदिर हैं?<br>• महानदी के किन-किन क्षेत्रों में मेला लगता हैं?<br>• महानदी में कौन-कौन सी नदियाँ आकर मिलती है?<br>• महानदी में कौन-कौन से बाँध बनाए गए हैं?<br>• जैन धर्म का प्रसिद्ध केन्द्र कहाँ पर स्थित हैं?<br>• महानदी किस समुद्र में जाकर मिलती है ?<br>• भारत का सबसे लम्बा बाँध कौन-सा है?</td></tr>
<tr><td colspan="3">तृतीय दिवस<br>( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )</td></tr>
<tr><td>5. व्याकरण (लिंग पर चर्चा करना।)</td><td>• व्याकरण के अंतर्गत स्त्रीलिंग पुल्लिंग के बारे में जान पाएँगे।</td><td>नीचे दिए गए शब्दों के लिंग बताओ –</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| | | 1. ‘हाथी शब्द का स्त्रीलिंग है’ -<br>(अ) घोड़ी (ब) गिलहरी<br>(स) हथिनी (द) लोमड़ी<br>2. ‘गाय’ का पुल्लिंग शब्द है-<br>(अ) बैल (ब) भैंसा<br>(स) शेर (द) चीता<br>3. स्त्रीलिंग शब्द है-<br>(अ) दरवाजा (ब) आदमी<br>(स) घड़ा (द) शेरनी<br>4. पुल्लिंग शब्द है-<br>(अ) बूढ़ी (ब) कुर्सी<br>(स) बालक (द) खिड़की<br>5. ‘‘गाय एक पालतू पशु है।’’<br>इस वाक्य में स्त्रीलिंग शब्द है -<br>(अ) गाय (ब) एक<br>(स) पालतू (द) पशु |
| **6. जोड़ी बनाओ** | • व्याकरण के अंतर्गत विशेषण व विशेष्य को समझ पाएँगे। | विशेषण - विशेष्य<br>1. मोटा - पेड़<br>2. पतला - तना<br>3. रंगीन - मोर<br>4. चालाक - मंदिर<br>5. प्राचीन - नदी<br>6. गहरी - आवाज<br>7. लम्बा - कोयल<br>8. काली - लोमड़ी |
| **7. बताओ क्यों प्रसिद्ध है?** | • राज्य के मुख्य स्थलों के महत्व को जान पाएँगे। | • नीचे दिए गए स्थान क्यों प्रसिद्ध है -<br>1. आरंग ........................<br>2. राजिम .......................<br>3. सिरपुर .......................<br>4. शिवरीनारायण .......... |
| **चतुर्थ दिवस<br>( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )** | | |
| **8. सृजनात्मक प्रयोग** | • बच्चे ‘आत्म कथा’ अवधारणा को समझ पाएँगे।<br>• अपने बारे में विस्तार से बता पाएँगे। | जिस तरह महानदी ने अपनी कहानी सुनाई है वैसे ही तुम भी अपने बारे में निम्न बिन्दुओं में लिखो-<br>• नाम -<br>• पिता का नाम -<br>• माता का नाम -<br>• जन्मतिथि -<br>• जन्म स्थान -<br>• भाई-बहनों की संख्या -<br>• कहाँ रहते हो -<br>• क्या बनना चाहते हो -<br>• मनपसंद खेल - |

| | | |
|---|---|---|
| | | • मनपंसद भोजन -<br>• किताब - |
| **9. सोचो और बताओ** | • बच्चे को अपने अनुभव को कक्षा में सुनाने के अवसर प्राप्त होंगे। उनमें तर्क करने, अवलोकन करने, अपने विचारों को प्रस्तुत करने के कौशलों का विकास होगा। | • यदि नदियों पर बाँध न बनाये जाएं तो क्या होगा?<br>• बारिश का पानी एकत्र करने के लिए तुम क्या-क्या कर सकते हैं ?<br>• आज-कल नदियाँ जल्दी सूख जाती हैं, क्यों ? |

**पंचम दिवस**

**आकलन**

- **महानदी की आत्मकथा निम्नलिखित बिन्दुओं में लिखो -**
  1. महानदी का जन्म ..................
  2. महानदी के अन्य नाम....................
  3. महानदी की सहायक नदियाँ ................
  4. महानदी राज्य के किन-किन क्षेत्रों में प्रवाहित होती है ..........................
  5. महानदी कौन-कौन से राज्यों में प्रवाहित होती है ........................
  6. महानदी के तट पर दर्शनीय स्थल ...................
  7. महानदी पर बनाए गए बाँध ............................

**टीप : शिक्षक उपरोक्त गतिविधियों के साथ-साथ पाठ में दिए गए अभ्यासों और गतिविधियों को भी कराएँ तथा दीक्षा पोर्टल में पाठ से संबंधित वीडियो भी दिखाएँ।**

**शिक्षक का अनुभव –**

**श्री लव कुमार निर्मलकर**

गतिविधि क्रमांक 1 – पूर्व ज्ञान पर चर्चा



गतिविधि क्रमांक 3- कहानी को हावभाव के साथ सुनाना



गतिविधि क्रमांक 4 - कहानी पर चर्चा



गतिविधि क्रमांक 5 - व्याकरण



गतिविधि क्रमांक 8 - सृजनात्मक प्रयोग



गतिविधि क्रमांक 9 - सोचो और बताओ



## आकलन प्रपत्र

शिक्षक का नाम ; लव कुमार निर्मलकर

कार्यरत संस्था का नाम ; शासकीय प्राथमिक शाला रुमेकेल

मोहल्ला/ स्कूल का नाम ; बस्ती पारा रुमेकेल

मोबाईल नं. ; 9826554753

उपस्थित बच्चों की संख्या ; 10

दिनांक ; 04-03-2021

---

1. पाठ का नाम ; मैं हू महानदी
2. पाठ कितने दिन में पूरा हुआ ; 04 दिन में
3. क्या आपको पाठ में दी गई गतिविधियां समझ में आई; हाँ
4. क्या आपने पूरी गतिविधियां कराई; हाँ
5. यदि नहीं तो क्यों ? और कौन सी गतिविधि नहीं कराई ;
   - **सभी गतिविधियां कराई गई।**
6. गतिविधियां कराते समय आपको कौन-कौन सी समस्याएं हुई ?
   - **कोई समस्या नहीं हुई।**
7. कौन-कौन सी गतिविधियों में बच्चों की सक्रिय सहभागिता नहीं थी ?
   - **सभी गतिविधियों में बच्चों की सक्रिय सहभागिता थी|**
8. पाठ को रोचक बनाने के लिए आपके सुझाव –
   - **नक्शा के द्वारा और ज्यादा रोचक बनाया जा सकता है।**
9. पाठ को पढ़ाने के दौरान आपके अनुभव –
   - **अनुभव बहुत ही अच्छा रहा|**

---

- **बहुत अच्छा रहा।**

10. पाठ से संबंधित वीडियो (2- 3 मिनट) व फोटो - संलग्न है
11. इस पाठ की व्याकरण/ अवधारणा संबंधित त्रुटियां –



नाम व हस्ताक्षर - **नीलकंठ यादव**

# पाठ 16

## अगर पेड़ भी चलते होते

| | |
|---|---|
| लर्निंग आउटकम्स | LH301, LH302, LH304, LH305, LH306, LH307, LH309, LH310, LH311, LH312, LH313 |

<table>
<tr><th>गतिविधि</th><th>गतिविधि क्यों करें ?</th><th>गतिविधि कैसे करें ?</th></tr>
<tr><td colspan="3">प्रथम दिवस</td></tr>
<tr><td>(1) पाठ के शीर्षक पर चर्चा</td><td>• पाठ के शीर्षक पर चर्चा करने से बच्चे बेझिझक बोल पाएँगे।<br>• कहानी के बारे में अनुमान लगा पाएँगे।<br>• कहानी से जुड़ाव होगा।</td><td>शिक्षक बच्चों से पाठ के शीर्षक 'अगर पेड़ भी चलते होते' के संबंध में चर्चा करें।<br>• इस पाठ में किसके बारे में बताया गया होगा?<br>• 'अगर पेड़ भी चलते होते' इस पाठ से तुम क्या समझते हो ?<br>• क्या आपने किसी पेड़ को सचमुच चलते हुए देखा है?<br>• यदि सचमुच पेड़ चलने लगे तो क्या होगा?</td></tr>
<tr><td>(2) पाठ का वाचन</td><td>• बच्चे धाराप्रवाह पढ़ना सीख पाएँगे।</td><td>• शिक्षक पाठ को उचित हाव-भाव के साथ पढ़े।<br>• बच्चों से समूह पठन, स्वतंत्र पठन कराएँ।</td></tr>
<tr><td colspan="3">द्वितीय दिवस<br>( प्रथम दिवस की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )</td></tr>
<tr><td>(3) पाठ पर चर्चा</td><td>• पाठ पर समझ, रूचि बढ़ेगी।<br>• सुनने की क्षमता का विकास होगा।<br>• चर्चा में सहभागिता कर सकेंगे।</td><td>पाठ के वाचन उपरांत शिक्षक बच्चों से पाठ के संबंध में प्रश्न पूछकर चर्चा करें।<br>• 'अगर पेड़ भी चलते होते' यह कौन कह रहा है?<br>• इस पाठ में किस बात की कल्पना की गई है?<br>• कीचड़, बाढ़ के समय पेड़ पर क्यों चढ़ते हैं?<br>• यदि पेड़ भी चलते होते तो निम्न परिस्थितियों में तुम क्या करते –
<table>
<tr><td>1</td><td>धूप लगने पर</td><td>-------------</td></tr>
<tr><td>2</td><td>भूख लगने पर</td><td>-------------</td></tr>
<tr><td>3</td><td>बाढ़ आने पर</td><td>-------------</td></tr>
<tr><td>4</td><td>अचानक शेर आने पर</td><td>-------------</td></tr>
<tr><td>5</td><td>वर्षा होने पर</td><td>-------------</td></tr>
<tr><td>6</td><td>थक जाने पर।</td><td>-------------</td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td>(4) सोचो और बताओ</td><td>• सोचने, समझने एवं अपनी बात रख पाने की क्षमता का विकास होगा।</td><td>• कल्पना करो यदि हम सब स्थिर हो जाए तो क्या-क्या फायदा और क्या – क्या नुकसान होगा?<br>• तुमने बहुत सारे पेड़ पौधे देखें होंगे वउनमें से तुम कितने पेड़ों के नाम जानते हो उनके नाम लिखो।<br>• ऐसे पेड़ पौधे के नाम लिखो जिनको तुमने कभी नहीं देखा है लेकिन उनके नाम सुने हैं।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><th colspan="3">तृतीय दिवस<br>( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )</th></tr>
<tr><td>(5) संज्ञा व विशेषण शब्दों की पहचान</td><td>• दिए गए वाक्यों में संज्ञा व विशेषण को समझकर लिख पाएँगे।<br>• दिए गए गद्यांश में संज्ञा शब्दों को समझकर चुन पाएँगे।</td><td>• दिए गए वाक्यों में संज्ञा और विशेषण शब्दों को चुनकर तालिका में लिखो -<br>1 बगीचे में मीठे मीठे फल लगे हैं।<br>2 गर्मियों में तेज धूप होती है।<br>3 हम लोग पेड़ के मोटे तने पर रस्सी बांधकर झूला झूलते हैं।<br>4 कीचड़ में सुंदर कमल खिलते हैं।<br><table><tr><th>क्रमांक</th><th>संज्ञा</th><th>विशेषण</th></tr><tr><td>1.</td><td></td><td></td></tr><tr><td>2.</td><td></td><td></td></tr><tr><td>3.</td><td></td><td></td></tr><tr><td>4.</td><td></td><td></td></tr><tr><td>5.</td><td></td><td></td></tr></table><br>• दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर संज्ञा और सर्वनाम लगाकर कॉपी में लिखो -<br>मैं, पापा और प्रदीप जंगल जा रहे थे। चलते-चलते हम सब थक गए और एक आम के पेड़ के नीचे रुक गए। अचानकवहाँ एक भेड़िया आया। उस के पीछे एक शिकारी बंदूक लिए हुए था हम सब डर गए और पेड़ पर चढ़ गए। पेड़ पर हमने आम खाए।</td></tr>
<tr><td>(6) सृजनात्मक कार्य</td><td>• सौंदर्य बोध का विकास होगा।<br>• बच्चों की सृजनशीलता का विकास होगा।</td><td>• वृक्ष के पत्तों को एकत्रित करते हुए अपनी कल्पना से विभिन्न आकृति बनाकर उसके बारे में बताओ।</td></tr>
<tr><th colspan="3">चतुर्थ दिवस</th></tr>
</table>

**आकलन**

- अंतर समझो –

  नीचे लिखे वाक्यों को ध्यान से पढ़ो –

  ❖ तुम क्या खाओगे ?

  ❖ क्या तुम खाओगे ?

  दोनों ही वाक्यों में प्रश्न पूछने का भाव है। पहले वाक्य में 'क्या' का अर्थ 'कौन-सी वस्तु' है। दूसरे वाक्य में 'क्या' सामान्य प्रश्न के अर्थ में है। तुम भी ऐसे ही दो वाक्य लिखो जिनमें 'क्या' अलग-अलग अर्थ में आया हो।

  (1) ------------------------------------------------------------

  (2) ------------------------------------------------------------

**टीप : शिक्षक उपरोक्त गतिविधियों के साथ-साथ पाठ में दिए गए अभ्यासों और गतिविधियों को भी कराएँ तथा दीक्षा पोर्टल में पाठ से संबंधित वीडियो भी दिखाएँ।**

## शिक्षक का अनुभव –
## श्री खोरबाहरा सोनवानी, शास. प्राथ. शाला तेलीबांधा

गतिविधि क्रमांक 1–पाठ के शीर्षक पर चर्चा



गतिविधि क्रमांक 2–पाठ का वाचन



गतिविधि क्रमांक 2 –पाठ का वाचन



गतिविधि क्रमांक 3 –पाठ पर चर्चा



गतिविधि क्रमांक 4- सोचो और बताओ



गतिविधि क्रमांक 5- संज्ञा व विशेषण शब्दों की पहचान



गतिविधि क्रमांक -6सृजनात्मक कार्य



आकलन





# आकलन प्रपत्र

| | |
|---|---|
| शिक्षक का नाम ; | खोरबाहरा सोनवानी |
| कार्यरत संस्था का नाम ; | शासकीय प्राथमिक शाला तेलीबांधा |
| मोहल्ला/ स्कूल का नाम ; | तेलीबांधा |
| मोबाईल नं. ; | 9131806694 |
| उपस्थित बच्चों की संख्या ; | 10 |
| दिनांक ; | 08/3/2021 से 10/03/2021 |

---

1. पाठ का नाम ; **अगर पेड़ भी चलते होते**

2. पाठ कितने दिन में पूरा हुआ ; **03 दिन में**

3. क्या आपको पाठ में दी गई गतिविधियां समझ में आई; **हाँ**

4. क्या आपने पूरी गतिविधियां कराई; **हाँ**

5. यदि नहीं तो क्यों ? और कौन सी गतिविधि नहीं कराई ;
   - **सभी गतिविधियां कराई गई |**

6. गतिविधियां कराते समय आपको कौन-कौन सी समस्याएं हुई ?
   - **कोई समस्या नहीं हुई|**

7. कौन-कौन सी गतिविधियों में बच्चों की सक्रिय सहभागिता नहीं थी ?
   - **सभी गतिविधियों में बच्चों की सहभागिता थी|**

8. पाठ को रोचक बनाने के लिए आपके सुझाव –
   - **इस कविता में बच्चों को अभिनय कराकर पाठ को रोचक बनाया जा सकता है|**
   - **पेड़ के स्थान पर घर को रखकर कविता को और रोचक बनाया जा सकता है |**

9. पाठ को पढ़ाने के दौरान आपके अनुभव –
   - **बहुत अच्छा रहा |**

10. पाठ से संबंधित वीडियो (2- 3 मिनट) व फोटो - संलग्न है



नाम व हस्ताक्षर - **खोरबाहरा सोनवानी**

11. इस पाठ की व्याकरण/ अवधारणा संबंधित त्रुटियां –

# पाठ 18

## जंगल में स्कूल


| लर्निंग आउटकम्स | LH301, LH302, LH304, LH305, LH306, LH307, LH307, LH309, LH310, LH311, LH312 |
|---|---|

| गतिविधि | गतिविधि क्यों करें ? | गतिविधि कैसे करें ? |
|---|---|---|
| **प्रथम दिवस** | | |
| 1. चित्र/शीर्षक पर चर्चा | • चित्र पर चर्चा करने से बच्चे बेझिझक बोल पाएंगे।<br>• कहानी के बारे में अनुमान लगा पाएँगे।<br>• कहानी से जुड़ाव होगा। | बच्चों को शिक्षक पाठ के चित्र देखने कहें व पाठ पर चर्चा के लिए प्रश्न पूछें -<br>• चित्र में तुमको क्या-क्या दिखाई दे रहा है?<br>• श्यामपट्ट के पास कौन खड़ी है?<br>• नीचे जमीन पर कौन-कौन बैठे हैं?<br>• इस पाठ का शीर्षक 'जंगल में स्कूल' क्यों रखा गया होगा ? |
| 2. पूर्व ज्ञान पर चर्चा | • बच्चे अपने अनुभव को साझा कर पाएँगे । | • जंगल किसे कहते है ?<br>• जंगल में कौन रहता है ?<br>• क्या तुमको पढ़ने में मजा आता है ? |
| **द्वितीय दिवस**<br>**( प्रथम दिवस की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )** | | |
| 3. कहानी का सारांश बताना | • सारांश बताने से बच्चों को कहानी पढ़ने व समझने में मदद मिलेगी। | शिक्षक हाव-भाव के साथ कहानी सुनाएँ एवं बीच-बीच में अनुमान लगाने हेतु प्रश्न भी पूछें जैसे - बब्बन चुपचाप स्कूल से क्यों भाग गया होगा? |
| 4. कहानी वाचन | • समूह में वाचन कराने से बच्चे एक-दूसरे की मदद से पढ़ना सीख जाएंगे। | कहानी सुनाने व कहानी का वाचन होने पर शिक्षक प्रश्नों के माध्यम से चर्चा करें-<br>• शिक्षक बच्चों का समूह बनाकर उनसे कहानी पढ़ने कहे, फिर जोड़े में व स्वतंत्र पठन भी करवाएँ। |
| **तृतीय दिवस**<br>**( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )** | | |
| 5. कहानी पर चर्चा | • कहानी पर समझ बनेगी। | प्र. 1 -जंगल में स्कूल क्यों लगाया गया था?<br>उत्तर - ................................<br>प्र. 2 -जंगल में कौन-कौन पढ़ने आते थे ?<br>उत्तर - ................................<br>प्र. 3 -लल्ली लोमड़ी कैसी पढ़ाती थी ?<br>उत्तर - ................................<br>प्र. 4 -बब्बन बंदर स्कूल से क्यों भाग गया?<br>उत्तर - ................................<br>प्र. 5 -पकड़े जाने पर बब्बन ने गब्बर के सामने क्या बहाना बनाया।<br>उत्तर - ................................ |

**6. कहानी का मानचित्र**

- कहानी को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी।

‘जंगल में स्कूल’ कहानी को दिए गए मानचित्र के अनुसार लिखो।




## चतुर्थ दिवस
## ( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )

**7. शब्द से शब्द बनाओ**

- बच्चे प्रत्यय लगाने का तरीका समझ पाएँगे।

- दिए गए ‘अ’ एवं ‘ब’ बाक्स में कुछ शब्द दिए गए हैं दोनों बाक्सों के शब्द को जोड़कर नया शब्द बनाओ और लिखो-

| अ | | ब |
|---|---|---|
| चमक | दार | चमकदार |
| दुकान | | --------------- |
| ईमान | | --------------- |

| | | |
|---|---|---|
| चूड़ी | वाला | --------------- |
| गाड़ी | | --------------- |
| फेरी | | --------------- |

| | | |
|---|---|---|
| भाग्य | शाली | --------------- |
| शक्ति | | --------------- |
| बल | | --------------- |

**8. संयुक्त वर्ण वाले शब्द लिखो**

- बच्चे संयुक्त वर्णों वाले शब्दों को पढ़ व लिख पाएँगे।

- संयुक्त वर्णों से बने समान ध्वनि वाले शब्द बनाओ-

गब्बर, टक्कर, ..........

बब्बन, ........., ..........

लल्ली, ........., ...........

**9. ‘ ं ’ की मात्रा वाली शब्द लिखो**

- ‘ ं ’ की मात्रा वाले शब्दों को पढ़ना, लिखना व उच्चारण करना सीख पाएगा।

- ‘ ं ’ की मात्रा वाले शब्द लिखो।
जैसे - जंगल, मंगल, ............

## पंचम दिवस

**आकलन**

1. कहानी को घटना क्रम के आधार पर जमाओ -
   1) बब्बन बंदर पेड़ पर चढ़कर छिप गया।
   2) गब्बर शेर ने जंगल में स्कूल खोला।
   3) बब्बन बंदर कक्षा से उठकर भाग गया।
   4) गब्बर ने जानवरों के बच्चों को स्कूल में आने को कहा।
   5) गब्बर शेर जंगल का राजा था।
   6) बब्बन बंदर को पढ़ना अच्छा नहीं लगता था।

7) गब्बर शेर ने पढ़ाने का काम लल्ली लोमड़ी को सौंपा।
8) बब्बन बंदर पढ़ाई में सबसे होशियार हो गया।

2. दिए गए समूह में जो शब्द अलग है उसे ढूंढ कर लिखो -
1) कोयल, मुर्गी, चील, मछली, कबूतर
2) लोमड़ी, गाय, भालू, हाथी, शेर
3) स्कूल, लोमड़ी, कक्षा, टीचर, ब्लैकबोर्ड
4) पेड़, जंगल, बंदर, स्कूल, बेल
5) डरना, काँपना, डांटना, प्यार करना, पढ़ाना

3. दिए गए वाक्यों को शुद्ध करके लिखो -
1) लल्ली लोमड़ी नाच-गाकर पढ़ा रहा था।
2) बब्बन बंदर पेड़ की डालियों में छिप गई।
3) बब्बन बंदर कूदती हुई स्कूल की ओर गयी।
4) सब बच्चों खुशी-खुशी स्कूल आते थे।

**टीप : शिक्षक उपरोक्त गतिविधियों के साथ-साथ पाठ में दिए गए अभ्यासों और गतिविधियों को भी कराएँ तथा दीक्षा पोर्टल में पाठ से संबंधित वीडियो भी दिखाएँ।**

**शिक्षक का अनुभव –**

गतिविधि क्रमांक 1 - चित्र/पाठ के शीर्षक पर चर्चा



गतिविधि क्रमांक 5 – कहानी पर चर्चा



गतिविधि क्रमांक 6 – कहानी का मानचित्र



गतिविधि क्रमांक 6 – कहानी का मानचित्र



# पाठ 19

## तेल का गिलास

| लर्निंग आउटकम्स | LH301, LH302, LH304, LH305, LH306, LH307, LH308, LH309 |
|---|---|

| गतिविधि | गतिविधि क्यों करें ? | गतिविधि कैसे करें ? |
|---|---|---|
| **प्रथम दिवस** | | |
| 1. पाठ के चित्र एवं शीर्षक पर चर्चा | • चित्र पर चर्चा कराने से बच्चों में अवलोकन करने, तर्क करने, विश्लेषण करने आदि कौशलों का विकास होगा।<br>• पाठ के शीर्षक पर चर्चा करने से अनुमान लगाना सीख पाएंगे। | शिक्षक, बच्चों को पाठ के चित्र देखने को कहें व पाठ पर चर्चा के लिए प्रश्न पूछें -<br>• चित्र में तुमको क्या-क्या दिखाई दे रहा है?<br>• लड़का क्या कर रहा है?<br>• इस पाठ में किसके बारे में बताया गया होगा?<br>• क्या तुम लोग पतंग उड़ाते हो, पतंग उड़ाते समय कैसा लगता है? |
| 2. पूर्व ज्ञान पर चर्चा | • बच्चे पंतग उड़ाने के अनुभव को बता पाएँगे। बच्चे अपने अनुभव समझ कर पाएंगे | • पतंग कब उड़ाते हो?<br>• तुम्हारे घर पर खाने पकाने में कौन से तेल का उपयोग किया जाता है ? |
| 3. कहानी का सारांश | • सारांश बताने से बच्चों को कहानी पढ़ने व समझने में मदद मिलेगी। | • शिक्षक पाठ का सारांश बच्चों को बताएं और बच्चों से अनुमान लगाने के लिए बीच-बीच प्रश्न भी पूछें,जैसे – माँ ने ऐसा क्यों कहा कि तेल जरा सावधानी से लाना। |
| **द्वितीय दिवस**<br>**( प्रथम दिवस की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )** | | |
| 4. कहानी का वाचन | • समूह में वाचन कराने से बच्चे एक-दूसरे की मदद से पढ़ना सीख जाएंगे। | • बच्चों से समूह वाचन, जोड़ों में वाचन स्वतंत्र करावे।<br>• कहानी वाचन उपरांत बच्चों को कहानी का सारांश बताएँ |
| 5. कहानी पर चर्चा | • कहानी पर चर्चा करने से तर्क करने, अनुमान लगाने, अपनी भावनाओं और सोच को अभिव्यक्त करना, कल्पना करने आदि कौशलों का विकास होगा। | कहानी का सारांश एवं कहानी का वाचन होने पर शिक्षक कहानी पर आधारित प्रश्नों के माध्यम से चर्चा करें फिर कॉपी में लिखने कहें -<br>• शेख चिल्ली किसका नाम था?<br>उत्तर - ..............................<br>• शेख चिल्ली को किसमें सबसे ज्यादा मजा आता था?<br>उत्तर - ..............................<br>• शेख चिल्ली क्या कल्पना कर रहा था?<br>उत्तर - ..............................<br>• शेख चिल्ली किस दुविधा में पड़ गया?<br>उत्तर - ..............................<br>• शेख चिल्ली ने बचे तेल लेने के लिए क्या तरकीब सोची?<br>उत्तर - ..............................<br>• लोग, शेख की मूर्खता पर क्यों हंस रहे थे ?<br>उत्तर - .............................. |

<table>
<tr><td></td><td></td><td><ul><li>यदि तुम शेख की जगह होते तो बचे तेल लेने के लिए तुम क्या करते ?<br>उत्तर - ...............................</li></ul></td></tr>
<tr><td>6. प्रश्न बनाओ</td><td><ul><li>प्रश्न बनाने के कौशलों का विकास होगा।</li></ul></td><td><ul><li>बच्चों को समूह में बैठाकर पढ़े गए पाठ से प्रश्न बनाने कहें।</li><li>प्रश्न बनाने के बाद एक समूह, दूसरे समूह से प्रश्न पूछे।</li></ul></td></tr>
<tr><td colspan="3">तृतीय दिवस<br>( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )</td></tr>
<tr><td>7. सही शब्द बनाओ</td><td><ul><li>शुद्ध शब्द लिखना पढ़ना जान पाएँगे।</li></ul></td><td>नीचे 4-4 वर्णों के 8 शब्द तोड़ मरोड़ कर रखे गए हैं वर्णों को सही स्थान पर रख कर सही शब्द बनाओ -
<table>
<tr><th>क्र.</th><th>अशुद्ध शब्द</th><th>शुद्ध शब्द</th></tr>
<tr><td>1</td><td>धानीसाव</td><td></td></tr>
<tr><td>2</td><td>कूबेवफ</td><td></td></tr>
<tr><td>3</td><td>चापसीलू</td><td></td></tr>
<tr><td>4</td><td>टाफफट</td><td></td></tr>
<tr><td>5</td><td>कइलौता</td><td></td></tr>
<tr><td>6</td><td>सहाताय</td><td></td></tr>
<tr><td>7</td><td>तकीबर</td><td></td></tr>
<tr><td>8</td><td>रीकाज्ञाआ</td><td></td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td>8. शब्द अर्थ</td><td><ul><li>शब्द का अर्थ समझ पाएंगे। शब्द के शुद्ध रूप को पहचान पाएंगे। तर्कशीलता का विकास होगा।</li></ul></td><td>दिए गए खण्ड अ और खण्ड ब में अर्थ दिए है। नीचे दो खंडों 'अ और 'ब' में शब्द और अर्थ है शब्द के साथ उनके सही अर्थ की जोड़ी बनाकर खंड स में लिखिए -
<table>
<tr><th>अ</th><th>ब</th><th>स</th></tr>
<tr><td>पतंगबाजी</td><td>चिंता</td><td>............</td></tr>
<tr><td>फिक्र</td><td>अकेला</td><td>............</td></tr>
<tr><td>फटाफट</td><td>सरल</td><td>............</td></tr>
<tr><td>इकलौता</td><td>पतंग उड़ाना</td><td>............</td></tr>
<tr><td>दफा हो जाना</td><td>तुरंत</td><td>............</td></tr>
<tr><td>आसान</td><td>चले जाना</td><td>............</td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td>9. कहानी की घटना को क्रम से जमाओ</td><td><ul><li>कहानी के घटना क्रम को समझ पाएँगे।</li></ul></td><td>दिए गए वाक्यों को कहानी के घटनाक्रम के अनुसार जमा -<ul><li>शेख चिल्ली दौड़ता हुआ बाजार गया।</li><li>शेख छत पर पतंगबाजी कर रहा था।</li><li>अम्मी ने शेख को 2 रूपए और गिलास थमा दिया।</li><li>शेख ने बचे तेल के लिए गिलास को उल्टा कर दिया।</li><li>शेख ने लाला की आज्ञा का पालन किया।</li><li>लाला का लड़का तेल की बोतल लिए खड़ा था। शेख गर्दन झुका कर सब कुछ सुन रहा था।</li></ul></td></tr>
</table>

<table>
<tr><th colspan="3">चतुर्थ दिवस<br>( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )</th></tr>
<tr><td>10. व्याकरण ( एकवचन-बहुवचन)</td><td>• बच्चे एकवचन और बहुवचन के बारे में जान पाएँगे।</td><td>नीचे दिए शब्दों को बदलकर लिखो –<br>• एक कपड़ा तीन -----------<br>• एक रूपया पंद्रह ----------<br>• एक खंभा चार ----------<br>• एक पौधा आठ ----------<br>• एक गिलास दो -----------<br>• एक संतरा दस -----------</td></tr>
<tr><td>11. सोचो और बताओ</td><td>• बच्चों में कल्पनाशीलता का विकास होगा।</td><td>• अगर तुम्हें जादुई छड़ी मिले तो तुम क्या करोगे।</td></tr>
<tr><td>12. कौन कहाँ मिलेगा</td><td>• बच्चों के अनुभवों को कक्षा में स्थान मिलेगा।</td><td>• तेल हमें किराने की दुकान में मिलता है। नीचे लिखे सामान हमें किन दुकानों में मिलेगा -<br><table><tr><th>सामान</th><th>कहाँ पर मिलेगा</th></tr><tr><td>मोबाइल</td><td></td></tr><tr><td>किताब कॉपी</td><td></td></tr><tr><td>जूते चप्पल</td><td></td></tr><tr><td>पेट्रोल डीजल</td><td></td></tr></table></td></tr>
<tr><th colspan="3">पंचम दिवस</th></tr>
<tr><td colspan="3">आकलन<br>• शेख को पंतग उड़ाना का बहुत मजा आता था, तुम्हें किस में मजा आता है लिखो।<br>• रंगीन कागज की पतंग बनाओं और उन पर पांच वाक्य लिखो।</td></tr>
</table>

**टीप : शिक्षक उपरोक्त गतिविधियों के साथ-साथ पाठ में दिए गए अभ्यासों और गतिविधियों को भी कराएँ तथा दीक्षा पोर्टल में पाठ से संबंधित वीडियो भी दिखाएँ।**

## शिक्षक का अनुभव –
## श्री कमल नारायण यादव, शास. प्राथ. शाला भावा

गतिविधि क्रमांक 1 - पाठ के चित्र एवं शीर्षक पर चर्चा



गतिविधि क्रमांक 3 - कहानी का वाचन



गतिविधि क्रमांक 6 - प्रश्न बनाओ



गतिविधि क्रमांक 6 - प्रश्न बनाओ



गतिविधि क्रमांक 7- सही शब्द बनाओ




गतिविधि क्रमांक 8 - शब्द अर्थ



गतिविधि क्रमांक 9 - कहानी की घटना को क्रम से जमाओ





आकलन प्रपत्र

1.शिक्षक का नाम -कमल नारायण यादव

2.कार्यरत संस्था का नाम- शासकीय प्राथमिक शाला भावा


3.मोहल्ला स्कूल का नाम- शीतला माता भवन भावा

4.मोबाइल नम्बर-9669610294

5.उपस्थित बच्चों की संख्या-13

6.दिनांक/दिन- 02/03/2021 से कुल 4 दिन

1. पाठ का नाम- तेल का गिलास
2. पाठ कितने दिन में पूरा हुआ- 4 दिन
3. क्या आपको पाठ में दी गई गतिविधि समझ में आयी- हां
4. क्या आपने पूरी गतिविधियां कराई- हां
5. यदि नहीं तो क्यों और कौन-सी गतिविधि नहीं किए- लागू नहीं
6. गतिविधियां कराते समय आपको कौन-कौन सी समस्याएं हुई-कोई समस्या नहीं हुई।
7. कौन-कौन सी गतिविधियों में बच्चों की सक्रिय सहभागिता नहीं थी- सभी गतिविधियों में बच्चों की सक्रिय सहभागिता थी।
8. पाठ को रोचक बनाने हेतु आपके सुझाव-व्याकरण से संबंधित गतिविधियां और होना चाहिए था।
9. पाठ को पढ़ाने के दौरान आपके अनुभव- बच्चों ने अपने अनुभव रोचक तरीके से बताये।
10. पाठ से संबंधित विडियो (2-3) व फोटो- संलग्न हैं।
11. इस पाठ की व्याकरण अवधारणा संबंधित त्रुटियां-



# पाठ 20

## अब बतलाओ

| लर्निंग आउटकम्स | LH301, LH302, LH304, LH305, LH306, LH307, LH312 |
|---|---|

| गतिविधि | गतिविधि क्यों करें ? | गतिविधि कैसे करें ? |
|---|---|---|
| | **प्रथम दिवस** | |
| 1. चित्र पर चर्चा | • चित्र पर चर्चा कराने से बच्चों में तर्क करने, विश्लेषण करने, अनुमान लगाने के कौशलों का विकास होगा। | शिक्षक बच्चों को पाठ में दिए गए चित्रों को देखने कहें और चित्र से संबंधित प्रश्न पूछें -<br>• चित्रों में क्या–क्या दिखाई दे रहा है?<br>• बिल्ली चूहे के पीछे क्यों भाग रही है?<br>• चूहा बिल्ली से डरकर क्यों भागा होगा ?<br>• चूहा एवं बिल्ली रस्सी क्यों पकड़े हैं ?<br>• चूहे को कुँए में गिरा देखकर बिल्ली क्या सोचने लगी ? |
| 2. पूर्व ज्ञान पर चर्चा | • बच्चों का पाठ के साथ जुड़ाव होगा।<br>• बच्चे अपने अनुभव बता पाएंगे। | शिक्षक बच्चों के अनुभवों को कक्षा में स्थान देने के लिए पाठ से संदर्भित पूर्व ज्ञान के प्रश्नों को पूछें -<br>• चूहा कहाँ रहता है?<br>• बिल्ली क्या-क्या खाती है?<br>• क्या तुम्हारें घर के आस-पास कुँआ है?<br>• तुम पानी कहाँ से लाते हैं? |
| 3. कविता का सस्वर वाचन | • कविता का आनंद उठा पाएंगे।<br>• कविता पर समझ बनेगी। | • समूह वाचन<br>• जोड़े में वाचन<br>• स्वतंत्र वाचन |
| | **द्वितीय दिवस<br>( प्रथम दिवस की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )** | |
| 4. कविता पर बातचीत | • बातचीत करने से बच्चों में कविता की समझ बनेगी। | • चूहा क्यों काँप रहाथा ?<br>• बिल्ली ने भूख मिटाने के लिए क्या प्रयत्न किया?<br>• रस्सी देखकर चूहे ने क्या सोचा? |
| 5. शब्दावली विकास | • बच्चे नए शब्दों से परिचित होंगे। | • **दिए गए शब्दों को पढ़ो और इनमें से जो - जो साधन है उन पर गोला लगाओ** – नदी, तालाब, कुँआ, नहर, सागर, नलकूप, नल, ट्यूबवेल, झरना।<br>• **इनमें से कौन-कौन से पशु पालतू हैं**–शेर, गाय, लोमड़ी, हाथी, बाघ, चीता, बकरी, हिरण, बारहसिंगा, बैल। |
| | **तृतीय दिवस<br>( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )** | |

<table>
<tr><td>6. कहानी बनाओ</td><td>• कल्पनाशीलता का विकास होगा।<br>• वाक्य बना पाएँगे।</td><td>• दिए गए शब्दों का प्रयोग कर कहानी बनाओ और लिखो –कुँआ, बोतल, पानी, काँटा।</td></tr>
<tr><td>7. वर्ग पहेली</td><td>• निर्देशों को ध्यान पूर्वक सुनकर समझने एवं तदअनुरूप कार्य करने के कौशल का विकास होगा।<br>• तर्क करने, अनुमान लगाने आदि कौशलों का विकास होगा। नए-नए शब्द सीख पाएँगे।</td><td>• सुनो और लिखो<br>निर्देश – शिक्षक बच्चों को निर्देश दे तथा बच्चे निर्देशानुसार कार्य करें -<br>❖ कॉपी या कागज पर एक ऐसा वर्ग बनाएँ जिसमें कुल 16 खाने हों।<br>❖ खाने इतने बड़े हों कि उसमें असानी से चार अक्षर वाले शब्द लिखा जा सकें।<br>❖ बच्चों से कहें कि –<br>• अब दिए गए निर्देशानुसार सुनकर वर्ग में शब्द लिखें।<br><br>निर्देश -<br><br>• पहली पंक्ति के पहले खाने में अपना नाम लिखो।<br>• दूसरी पंक्ति के तीसरे खाने में अपनी मनपसंद मिठाई का नाम लिखो।<br>• तीसरी पंक्ति में आखिरी खाने में अपने दोस्त का नाम लिखो।<br>• चौथी पंक्ति के दूसरे खाने में सूरज का चित्र बनाओ।<br>इसी तरह अन्य निर्देश भी दे सकते हैं।</td></tr>
<tr><td colspan="3">चतुर्थ दिवस<br>( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )</td></tr>
<tr><td>8. वाक्य बनाओ</td><td>• बच्चे स्वविवेक से वाक्य बना सकेंगे।<br>• वाक्यों का अर्थ समझ सकेंगे।</td><td>• दिए गए शब्दों का प्रयोग कर वाक्य बनाओ –<br><table>
<tr><th></th><th>शब्द</th><th>वाक्य</th></tr>
<tr><td>उदा.</td><td>उछल-उछल कर</td><td>बिल्ली उछल-उछल कर चूहे के पीछे दौड़ी।</td></tr>
<tr><td>1</td><td>जल्दी–जल्दी</td><td>............................</td></tr>
<tr><td>2</td><td>जरा-जरा</td><td>............................</td></tr>
<tr><td>3</td><td>अपने-अपने</td><td>............................</td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td>9. सोचो और बताओ</td><td>• कल्पनाशीलता का विकास होगा। अभिव्यक्ति क्षमता का विकास होगा।</td><td>• अगर चूहा नहीं भाग पाता तब क्या होता?<br>• अगर चूहा कुंए की जगह किसी नदी में गिरा होता तब बिल्ली क्या करती ?<br>• चूहा बिल्ली का भोजन है, अगर बिल्ली चूहों को खाना छोड़ दे तो क्या होगा ?</td></tr>
<tr><td colspan="3">पंचम दिवस</td></tr>
<tr><td>10. सृजनात्मक कार्य</td><td>• बच्चे मौलिक रूप से कविता लिखना सीख पाएँगे।<br>• बच्चे चित्र बनाकर अपने विचार अभिव्यक्त कर पाएँगे।</td><td>• चूहों/ बिल्ली पर कविता लिखें।<br>• चूहा/बिल्ली का चित्र बनाकर उसके बारे में 5 वाक्य लिखो।</td></tr>
</table>

**आकलन**

- इस पाठ के साथ संलग्न 'हाय री किस्मत' चित्र कथा को पढ़ो और बताओ ?
  - चूहा कहाँ घुस गया ?
  - बिल्ली ने चूहे को पकड़ने के लिए क्या-क्या किया?
  - चूहा बोतल से बाहर कैसे निकला?
  - बिल में बैठे चूहे बिल्ली को क्यों चिढ़ाने लगे?

**टीप : शिक्षक उपरोक्त गतिविधियों के साथ-साथ पाठ में दिए गए अभ्यासों और गतिविधियों को भी कराएँ तथा दीक्षा पोर्टल में पाठ से संबंधित वीडियो भी दिखाएँ।**

**शिक्षक का अनुभव –**
**श्री बलराम नेताम, शास. प्राथ. शाला तुमगांव**

गतिविधि क्रमांक 3 – कविता का सस्वर वाचन



गतिविधि क्रमांक – लेखन गतिविधि



गतिविधि क्रमांक 10 - सृजनात्मक कार्य



गतिविधि क्रमांक 10 - सृजनात्मक कार्य



# आकलन प्रपत्र

| | |
|---|---|
| शिक्षक का नाम ; | बलराम नेताम |
| कार्यरत संस्था का नाम ; | शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव |
| मोहल्ला/ स्कूल का नाम ; | बाजार पारा |
| मोबाईल नं. ; | 7974433292 |
| उपस्थित बच्चों की संख्या ; | 12 |
| दिनांक ; | 02/3/2021 से 04/03/2021 |

1. पाठ का नाम ; अब बतलाओ

2. पाठ कितने दिन में पूरा हुआ ; **03 दिन में**

3. क्या आपको पाठ में दी गई गतिविधियां समझ में आई; **हाँ**

4. क्या आपने पूरी गतिविधियां कराई; **हाँ**

5. यदि नहीं तो क्यों ? और कौन सी गतिविधि नहीं कराई ;
   - **सभी गतिविधियां कराई गई।**

6. गतिविधियां कराते समय आपको कौन-कौन सी समस्याएं हुई ?
   - **कोई समस्या नहीं हुई।**

7. कौन-कौन सी गतिविधियों में बच्चों की सक्रिय सहभागिता नहीं थी ?
   - **सभी गतिविधियों में बच्चों की सहभागिता थी।**

8. पाठ को रोचक बनाने के लिए आपके सुझाव –
   - **इस कविता में बच्चों को अभिनय कराकर पाठ को रोचक बनाया जा सकता है।**
   - **बच्चे चित्र देखकर सहज रूप से अभिव्यक्ति कर पा रहे थे।**

9. पाठ को पढ़ाने के दौरान आपके अनुभव –
   - **कविता पर बातचीत करने से बच्चे जल्दी सीखते हैं ऐसा मैंने अनुभव किया।**

10. पाठ से संबंधित वीडियो (2- 3 मिनट) व फोटो - संलग्न है

नाम व हस्ताक्षर - **बलराम नेताम** 

## पाठ 22

# क्या तुम मेरी अम्मा हो ?

| लर्निंग आउटकम्स | LH301, LH302, LH303, LH304, LH305, LH308, LH309,LH312 |
|---|---|

| गतिविधि | गतिविधि क्यों करें ? | गतिविधि कैसे करें ? |
|---|---|---|
| **प्रथम दिवस** | | |
| 1. पूर्व ज्ञान पर चर्चा | • अवलोकन एवं बोलने की क्षमता का विकास होगा।<br>• सुनकर समझना, बोलने की दक्षता का विकास होगा। | • क्या तुमने मुर्गी/चूजों को देखा है?<br>• कुत्ते के बच्चे को क्या कहते है?<br>• बतख कैसे बोलती है?<br>• बतख कहाँ रहती है?<br>• कबूतर की आवाज निकालकर बताओ? |
| 2. चित्र पर चर्चा | • चित्र पर चर्चा कराने से बच्चों में तर्क करने, विश्लेषण करना, अनुमान लगाने के कौशलों का विकास होगा। | बच्चों को शिक्षक पाठ के चित्र देखने कहें व पाठ पर चर्चा के लिए प्रश्न पूछें-<br>• चित्रों में क्या-क्या दिखाई दे रहा है?<br>• चूजा क्या सोच रहा होगा?<br>• कुत्ता और चूहा क्या बात कर रहे होंगे?<br>• कबूतर मुड़कर चूजे से क्या बोल रहा होगा?<br>• मैना और चूजा कहाँ जा रहे होंगे?<br>• क्या चूजा बतख के पास जाएगा?<br>• चूजा किसके पंखो में सिमटा हुआ है? |
| 3. कहानी का सारांश | • कहानी पर समझ बनेगी कहानी में आए मुख्य पात्रों के बारे में जान पाएँगे। | • शिक्षक हाव-भाव से कहानी का सारांश अपने शब्दों में बताएं। |
| **द्वितीय दिवस**<br>**( प्रथम दिवस की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )** | | |
| 4. कहानी का वाचन | • बच्चे कहानी को पढ़कर कहानी को समझ सकेंगे।<br>• बच्चे एक-दूसरे की मदद से सीख सकेंगे। | • शिक्षक बच्चों को समूह वाचन, जोड़ो में वाचन करवाएँ एवं कहानी का सारांश बताएँ। |
| 5. कहानी पर बातचीत | • कहानी पर समझ बनेगी।<br>• नए-नए शब्दों को जान पाएँगे।<br>• कहानी के पात्रों व उनकी विशेषताओं को समझ पाएँगे। | • चूजे ने सबसे पहले किसे देखा?<br>उत्तर - .......................................<br>• कुत्ते ने चूजे को क्या जवाब दिया?<br>उत्तर - .......................................<br>• बेर की झाड़ी के पास चूजे को कौन मिला?<br>उत्तर - .......................................<br>• कबूतर की चोंच किस रंग की होती है?<br>उत्तर - .......................................<br>• बतख कहाँ तैर रही थी ?<br>उत्तर - ....................................... |

- ऐसे कौन-कौन से काम है जो तुम पहले नहीं कर सकते थे, आज अपने आप कर लेते हो।

उत्तर - .........................................

**6. पता करो - क्या कहते हैं**

- बच्चे परिवेश से जुड़ेंगे तथा पशुपक्षियों के बच्चों के नाम से परिचित होंगे।

- कुत्ते के बच्चे को पिल्ला कहते है। इनके बच्चों को क्या कहते है।

| **जानवर** | **बच्चे** |
|---|---|
| बिल्ली | ............... |
| गाय | ............... |
| मुर्गी | ............... |
| बकरी | ............... |

## तृतीय दिवस
## ( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )

**7. जोड़ी बनाओ**

- परिवेश में पाए जाने वाले जानवरों व उनसे बच्चे के बारे में जान पाएँगे।

**नीचे दिए गए शब्दों की जोड़ी बनाओ -**

| **क** | **ख** |
|---|---|
| बछड़ा | कुत्ता |
| पड़िया | गाय |
| पिल्ला | भैस |
| मेमना | मुर्गी |
| चूजा | बकरी |

**8. किसने-किससे कहा**

- कहानी की घटना को समझ सकेंगे।

| वाक्य | किसने कहा | किससे कहा | कब कहा |
|---|---|---|---|
| नहीं-नहीं मेरे तो चार पैर हैं। | | | |
| नहीं-नहीं तुम्हारी अम्मा मुझसे काफी बड़ी है। | | | |
| मिल गई! तुम्ही मेरी अम्मा हो। | | | |

## चतुर्थ दिवस
## ( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )

**9. सोचो और बताओ**

- सोचने, अनुमान लगाने और तर्क करने की क्षमता का विकास होगा।
- कल्पनाशीलता बढ़ेगी।

- अगर चूजा तोते से मिलता तो तोता क्या-क्या कहता?
- अगर कभी तुम अपने परिवार से बिछड़ जाओगे तो क्या-क्या करोगे?
- अगर तुम्हारे भी पंख होते तो क्या होता?

**10. रचनात्मक कार्य**

- रचनात्मक कौशल का विकास होगा।

**दिए गए शब्दों का प्रयोग कर कहानी/कविता लिखो–**
पानी, कतार, सफेद, पीली, कीड़े-मकोड़े

## पंचम दिवस

**आकलन के प्रश्न**

- **अंतर बताओ**

चूज़े की माँ बाकी सबसे अलग थी। बताओ दिए जीवों के विभिन्न अंगों में क्या अंतर है -

| | चिड़िया | गाय | मुर्गी |
|---|---|---|---|
| पैर | ............................ | ............................ | .................................. |
| पंख | ............................ | ............................ | .................................. |
| पूँछ | ............................ | ............................ | .................................. |
| मुँह | ............................ | ............................ | .................................. |
| रंग | ............................ | ............................ | .................................. |
| आकार | ............................ | ............................ | .................................. |

- **लिखो सही जगह पर**

कुत्ता, बिल्ली, गाय, जानवर हैं। चिड़िया, मुर्गी पक्षी हैं। नाव, हवाई जहाज, क्रेन चीजें हैं। बताओ, नीचे लिखे नाम इनमें से क्या हैं? उन्हें सही जगह पर लिखो। जो नाम इन तीनों जैसे न लगें, उन्हें अलग खाने में लिखो-

| पेंसिल, पंखा, मोर, चूहा, पेड़, पत्थर, कॉपी, हाथी, केंचुआ, मच्छर, तितली, ऐनक, कबूतर, कोयल, शेर, घोड़ा, मगरमच्छ, साँप, गुलाब | | | |
|---|---|---|---|
| पशु | पक्षी | चीज़ें | कुछ और |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

**टीप : शिक्षक उपरोक्त गतिविधियों के साथ-साथ पाठ में दिए गए अभ्यासों और गतिविधियों को भी कराएँ तथा दीक्षा पोर्टल में पाठ से संबंधित वीडियो भी दिखाएँ।**

**शिक्षक का अनुभव –**
**श्री रामनाथ यादव, शास. प्राथ. शाला सुकुलबाय**

| गतिविधि क्रमांक 1 - पूर्व ज्ञान पर चर्चा | गतिविधि क्रमांक 2 – चित्र पर चर्चा |
|---|---|
|  |  |
| गतिविधि क्रमांक 3 – कहानी का सारांश | गतिविधि क्रमांक 4 –कहानी का वचन |






गतिविधि क्रमांक 5 – कहानी पर बातचीत

गतिविधि क्रमांक 6 - पता करों – कोन क्या है






गतिविधि क्रमांक 7 – जोड़ी बनाओं


गतिविधि क्रमांक 7 – जोड़ी बनाओं






गतिविधि क्रमांक 10 – रचनात्मक कार्य

आकलन





# आकलन प्रपत्र

शिक्षक का नाम ; रामनाथ यादव

कार्यरत संस्था का नाम ; शासकीय प्राथमिक शाला सुकुलबाय

मोहल्ला/ स्कूल का नाम ; शासकीय प्राथमिक शाला सुकुलबाय

मोबाईल नं. ; 9770123696

उपस्थित बच्चों की संख्या ; 14

दिनांक ; 04-03-2021 दिन ; गुरुवार

---

1. पाठ का नाम ; **क्या तुम मेरी अम्मा हो ?**
2. पाठ कितने दिन में पूरा हुआ ; **03 दिन में**
3. क्या आपको पाठ में दी गई गतिविधियां समझ में आई; **हाँ**
4. क्या आपने पूरी गतिविधियां कराई; **हाँ**
5. यदि नहीं तो क्यों ? और कौन सी गतिविधि नहीं कराई ;
   - **सभी गतिविधियां कराई गई।**
6. गतिविधियां कराते समय आपको कौन-कौन सी समस्याएं हुई ?
   - **कोई समस्या नहीं हुई।**
7. कौन-कौन सी गतिविधियों में बच्चों की सक्रिय सहभागिता नहीं थी ?
   - **सभी गतिविधियों में बच्चों की सक्रिय सहभागिता थी।**
8. पाठ को रोचक बनाने के लिए आपके सुझाव –
   - **बच्चों को पाठ का अभिनय कराया जा सकता है।**
   - **मुर्गी के बच्चे चूजा के स्थान पर अन्य पशु पक्षी व अन्य जीवों के बच्चोंको रखकर अभिनय कराया जा सकता है।**
   - **जीव जंतुओं को बचाने के उपाय के बारे में चर्चा की जा सकती है।**
9. पाठ को पढ़ाने के दौरान आपके अनुभव –
   - **बच्चों ने अभिनय में बढ़-चढ़कर भाग लिए।**
10. पाठ से संबंधित वीडियो (2- 3 मिनट) व फोटो - संलग्न है।
11. इस पाठ की व्याकरण/ अवधारणा संबंधित त्रुटियां –
    - **इस पाठ के माध्यम से व्याकरण में संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण व क्रियाय बताया जा सकता है**



नाम व हस्ताक्षर - रामनाथ यादव

# पाठ 23

## कविता का कमाल

| | |
|---|---|
| लर्निंग आउटकम्स | LH301, LH302, LH303, LH304, LH305, LH307, LH308,LH309, LH311, LH312 |

| गतिविधि | गतिविधि क्यों करें ? | गतिविधि कैसे करें ? |
|---|---|---|
| | प्रथम दिवस | |
| 1. चित्र/ शीर्षक पर चर्चा | • चित्र पर चर्चा कराने से बच्चों में अवलोकन करनेए तर्क करने, विश्लेषण करने आदि कौशलों का विकास होगा।<br>• पाठ के शीर्षक पर चर्चा करने से अनुमान लगाना सीख पाएंगे। | **शिक्षक, बच्चों को पाठ के चित्र देखने को कहें व पाठ पर चर्चा के लिए प्रश्न पूछें -**<br>• चित्र में तुमको क्या-क्या दिखाई दे रहा है?<br>• नीचे जमीन पर कौन बैठा है ?<br>• लड़का कुत्ते को देखकर क्या सोच रहा होगा?<br>• छज्जे पर कौन खड़ा है?<br>• घर के बाजू में कौन झांक रहा है?<br>• चित्र में आदमी हाथ जोड़कर क्या कह रहा होगा। |
| 2. कहानी का सारांश | • कहानी पर समझ बनेगी कहानी में आए मुख्य पात्रों के बारे में जान पाएँगे। | • शिक्षक हाव-भाव से कहानी का सारांश अपनी शब्दों में बताएं। |
| | द्वितीय दिवस<br>( प्रथम दिवस की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद ) | |
| 3. कहानी पर बातचीत | • बच्चे कहानी को पढ़कर कहानी को समझ सकेंगे।<br>• बच्चे एक-दूसरे की मदद से सीख सकेंगे। | • शिक्षक बच्चों को समूह वाचन, जोड़ो में वाचन करवाएँ। |
| 4. पाठ पर चर्चा | • पाठ पर समझ बनेगी।<br>• शब्दावालियों का विकास होगा।<br>• बच्चे कविता कैसे बनती है, जान पाएँगे। | • मदन की माँ ने परेशान होकर क्या कहा?<br>उत्तर - ........................................<br>• कुत्ते को देखकर मदन ने कविता की कौन सी पंक्ति सोची?<br>उत्तर - ........................................<br>• चिड़िया को देखकर मदन ने कौन-सी पंक्ति सोची?<br>उत्तर - ........................................<br>• मदन को कविता की अंतिम पंक्ति बनाने में किसकी मदद मिली?<br>उत्तर - ........................................<br>• कविता का कमाल कैसे हुआ?<br>उत्तर - ........................................ |

| | | |
|---|---|---|
| **तृतीय दिवस<br>( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )** | | |
| **5. साथी ढूँढ़ों (समान अर्थ वाले शब्दों को ढूँढो)** | • बच्चे दिए गए शब्दों के अर्थ समझ पाएँगे। | नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ ढूँढ़ों -<br>सरक-सरक<br>खोजत<br>पीबत<br>सुरूर-सुरूर<br>खोदत<br>भाग<br>ताक-झाँक<br>खुदुर-खुदुर |
| **6. शब्दों का खेल** | • बच्चे सार्थक शब्दों का निर्माण कर पाएँगे। | • राजमहल शब्द में 5 वर्ण हैं व "◌ा" की मात्रा है। इन वर्णों व मात्रा को मिलाकर नए शब्द बनाओ।<br>रा \| ज \| म \| ह \| ल<br>उदाहरण -<br>महल, राजा, .............., ............. |
| **चतुर्थ दिवस<br>( पूर्व की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )** | | |
| **7. क्या समझे ?** | • शब्दों के अर्थ जान पाएँगे। | • जिन शब्दों के नीचे रेखा खींची है उनका मतलब बताओ -<br>1. अब मैं तुझे बिठाकर नहीं खिला सकती।<br>2. रास्ते में कुछ न कुछसूझ ही जाएगा।<br>3. उसके मन में लड्डू फूटने लगे।<br>4. राजा साहब हक्के-बक्के रह गए। |
| **8. तो क्या होता ?** | • कल्पनाशीलता का विकास होगा। | • उस रात राजा साहब की नींद गायब हो गई वे छज्जे पर खड़े होकर मदन की कविता दोहराने लगे। यदि राजा साहब सो जाते तो क्या होता ? |
| **पंचम दिवस** | | |
| **9. रचनात्मक कार्य** | • मौलिक लेखन का विकास होगा। | • पाठ में दिए गए कोई भी शब्द को लेकर 4 लाइन की कविता बनाओ। |

**आकलन**

- नीचे लिखी कविता में कुछ शब्द छूटे हैं। उचित शब्द चुनकर खाली स्थान में लिखो और कविता की पंक्तियाँ पूरी करो -

बाहर बैठा बैगू बनिया,<br>
दिनभर तौले जीरा...........................।<br>
आए इक दिन छोटे लाला,<br>
बोले दे दो ................................।<br>
बैगू तौले मिर्च मसाला।<br>
आछीं, आछीं करते ...........................।

- **शब्दों का खेल**

  **नीचे लिखे शब्दों को उलटकर लिखो। तुम देखोगे कि कुछ नए शब्द बन गए। अब इन नए शब्दों के विलोम शब्द लिखो-**

| शब्द | उलटकर नया शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|
| नाम | मना | हाँ |
| रहा | ............................. | ............................. |
| यान | ............................. | ............................. |
| भला | ............................. | ............................. |
| राख | ............................. | ............................. |
| नाले | ............................. | ............................. |

**टीप : शिक्षक उपरोक्त गतिविधियों के साथ-साथ पाठ में दिए गए अभ्यासों और गतिविधियों को भी कराएँ तथा दीक्षा पोर्टल में पाठ से संबंधित वीडियो भी दिखाएँ।**

## शिक्षक का अनुभव –
**श्री बाबूलाल ध्रुव, शास. प्राथ. शाला बोरिद**

गतिविधि क्रमांक 6 पाठ का अभिनय



गतिविधि क्रमांक 6 - शब्दों का खेल





समूह कार्य



समूह कार्य



# आकलन प्रपत्र

| | |
|---|---|
| शिक्षक का नाम ; | बाबूलाल ध्रुव |
| कार्यरत संस्था का नाम ; | शासकीय प्राथमिक शाला बोरिद |
| मोहल्ला/ स्कूल का नाम ; | बोरिद |
| मोबाईल नं. ; | 8319490822 |
| उपस्थित बच्चों की संख्या ; | 06 |
| दिनांक ; | 11.03.2021 से 13.03.2021 |

1. **पाठ का नाम** ; कविता का कमाल

2. पाठ कितने दिन में पूरा हुआ ; 03 दिन में

3. क्या आपको पाठ में दी गई गतिविधियां समझ में आई; हाँ

4. क्या आपने पूरी गतिविधियां कराई; हाँ

5. यदि नहीं तो क्यों ? और कौन सी गतिविधि नहीं कराई ;
   - सभी गतिविधियां कराई गई |

6. गतिविधियां कराते समय आपको कौन-कौन सी समस्याएं हुई ?
   - कोई समस्या नहीं हुई |

7. कौन-कौन सी गतिविधियों में बच्चों की सक्रिय सहभागिता नहीं थी ?
   - सभी गतिविधियों में बच्चों की सक्रिय सहभागिता थी |

8. पाठ को रोचक बनाने के लिए आपके सुझाव –

   बच्चे खेल-खेल में अच्छे सीखते हैं |

9. पाठ को पढ़ाने के दौरान आपके अनुभव –
   - बच्चों ने अभिनय में बढ़-चढ़कर भाग लिए |

10. पाठ से संबंधित वीडियो (2- 3 मिनट) व फोटो - संलग्न है |

11. इस पाठ की व्याकरण/ अवधारणा संबंधित त्रुटियां –

**नाम व हस्ताक्षर** - बाबूलाल ध्रुव

# पाठ 24

## बालसभा

| लर्निंग आउटकम्स | LH301, LH302, LH303, LH304, LH305, LH306, LH309,LH311, LH312 |
|---|---|

| गतिविधि | गतिविधि क्यों करें? | गतिविधि कैसे करें ? |
|---|---|---|
| **प्रथम दिवस** | | |
| 1. पाठ के शीर्षक एवं बच्चों के पूर्व अनुभवों पर चर्चा | • पाठ पर चर्चा करने पर बच्चों में बातचीत करने के कौशल का विकास होगा।<br>• बच्चे पाठ से परिचित होंगे। | पाठ के शीर्षक और बच्चों के पूर्व अनुभवों पर कक्षा में चर्चा करें-<br>• क्या तुम्हारे स्कूल में बाल सभा का आयोजन किया जाता है?<br>• बाल सभा में क्या-क्या होता है ?<br>• बाल सभा क्यों की जाती है ?<br>• पुस्तक में दिए गए चित्र में बच्चे क्या कर रहे हैं ? |
| 2. पाठ का वाचन | • बच्चों में पढ़ने व सही उच्चारण करने की क्षमता का विकास होगा। | • शिक्षक पाठ का आदर्श वाचन करें।<br>• बच्चों से समूह वाचन, जोड़ो में पठन व स्वतंत्र वाचन कराएं। |
| **द्वितीय दिवस**<br>**( प्रथम दिवस की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद )** | | |
| 3. पाठ पर चर्चा | • पाठ पर चर्चा करने पर बच्चों में पाठ की समझविकसित होगी।<br>• बच्चों में अभिव्यक्ति क्षमता का विकास होगा।<br>• कविता को हाव-भाव के साथ सुना पाएँगे।<br>• कल्पनाशीलता का विकास होगा। | • पाठ में भाषा की विभिन्न विधाओं जैसे कविता, चुटकुला, पहेलियाँ आदि को समाहित किया गया है। कक्षा में इन विधाओं पर अलग-अलग चर्चा करें ।<br>• बच्चों के समूह बनाएँ और उन्हें पृथक-पृथक कार्य सौंपे। जैसे-कविता, चुटकुला, कहानी सुनाना, पहेलियाँ बूझना, विज्ञापन बनाना, पोस्टर बनाना, चीजें बेचने का अभिनय करना आदि।<br>• कक्षा को बाल सभा का रूप देकर कक्षा में बच्चों से प्रस्तुतीकरण कराएँ। |
| 4. कविता सुनाना | • कविता का वाचन कर हाव-भाव के साथ सुन पाएँगे।<br>• बिना देखें याद कर कविता सुना पाएंगे। | **दी हुई कविता को हाव-भाव के साथ सुनाओ -**<br>बिल्ली रानी चली मटकती<br>पहन नई सलवार ।<br>घूम-घूमकर देख उसने<br>नए-नए बाजार ।।<br>सोच रही थी मेले में हैं,<br>मीठे-मीठे आम ।<br>कुत्ते से मुठभेड़ हुई तो<br>भूल गई सब काम ।। |

| तृतीय दिवस<br>(द्वितीय दिवस की गतिविधियों की पुनरावृत्ति के बाद ) | | |
|---|---|---|
| 5. चुटकुला सुनाना | • अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास।<br>• सुने हुए या पढ़े हुए को अपने शब्दों में व्यक्त करने की क्षमता का विकास। | • एक चोर चोरी करने गया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। वे उसे जीप में बैठाकर जेल की ओर जाने लगे। चोर बहुत खुश हो रहा था। सिपाही ने उसे हँसते हुए देखकर पूछा, ''तुम इतने खुश क्यों हो रहे हो?''<br>चोर ने हँसते हुए कहा, ''आज पहली बार जीप में बैठने का मौका मिला है, इसलिए मैं खुश हूँ।''<br>• एक बच्चा दवाई नहीं खाता था। पिताजी ने एक तरकीब सोची। उन्होंने दवाई की गोली रसगुल्ले में रखकर उसे खिला दी। थोड़ी देर बाद पिता ने पूछा, ''क्यों बेटा, रसगुल्ला खा लिया?''<br>बच्चे ने जवाब दिया, ''हाँ, पिताजी, मैंने रसगुल्ला तो खा लिया, लेकिन इसकी गुठली थूक दी।'' |
| 6. पहेली बूझो ? | • सोचने, तर्क करने और अनुमान लगाने के कौशलों का विकास। | • जेबी में है बेबी ........<br>बूझो, बूझो, बूझो।<br>मगज लगाकर जूझो।।<br><br>• गर्दन पतली ऊँची,<br>चिकनी देह समूची,<br>है वह शाकाहारी,<br>परदेसी वनचारी।<br><br>• पेट सँभाले जेबी,<br>जेबी में है बेबी,<br>धावक भी वह कैसा,<br>पी. टी. ऊषा जैसा। |
| 7. अटपटे प्रश्न: चटपटे उत्तर | • अभिव्यक्ति का विकास | **अटपटे प्रश्न: चटपटे उत्तर**<br>**अध्यापक -** राजू, बताओ तुम्हारे कान किस काम आते हैं ?<br>**राजू -** सर, मेरे कान तो आपके खींचने के काम आते हैं।<br>ooooo<br>**मानू -** मैं दिल्ली जाने के बारे में सोच रही हूँ। कितना खर्च आएगा?<br>**राजू -** कुछ भी नहीं। सोचने में कौन-सा पैसा लगता है। |

## चतुर्थ दिवस

**आकलन**

- बच्चों को अपने माता/पिता/शिक्षक/मित्र आदि किसी का अभिनय करने को कहें।
- बच्चों को कहानी/कविता/चुटकुला सुनाने को कहें।
- नीचे दिए गए आमंत्रण पत्र को देखें, पढ़े और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें -

**//आमंत्रण//**

मान्यवर,

अत्यंत हर्ष का विषय है कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी हमारे विद्यालय में 'बसंत पंचमी' का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आप सादर आमंत्रित हैं।

स्थान:- प्राथमिक शाला मैदान

दिनांक:- 22 फरवरी 2019

| **क्र.** | **समय** | **कार्यक्रम -विवरण** |
|---|---|---|
| 1. | सुबह 10:00 बजे से 10:30 तक | अतिथि आगमन एवं स्वागत |
| 2. | 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक | खेल प्रतियोगिता<br>1. एकल- दौड़, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, कलाश दौड़)<br>2. सामूहिक खेल- कबड्डी, खो-खो, रिले-रेस |
| 3. | 1:00 से 2:00 तक | भोजनावकाश |
| 4. | 2:00 से 3:00 तक | विविध प्रतियोगिताएँ (रंगोली, मेंहदी, चित्रकला) |
| 5. | 3:00 से 4:30 तक | सांस्कृतिक प्रतियोगिता (नृत्य,गीत, कविता, नाटक) |
| 6. | 4:30 से 5:00 तक | पुरस्कार वितरण (मुख्य अतिथि द्वारा) |
| 7. | 5:00 से 5:30 तक | आभार-समापन |

विनीत
प्रधान पाठक एवं
समस्त शाला परिवार
तालकछार

प्रश्न 1:- दोपहर 1:00 बजे क्या प्रारंभ होगा?

(क) खेल प्रतियोगिता (ख) विविध प्रतियोगिताएँ

(ग) मेंहदी प्रतियोगिता (घ) भोजन अवकाश।

प्रश्न 2:- कार्यक्रम कहाँ हो रहा है?

(क) माध्यमिक शाला सांस्कृतिक मंच (ख) प्राथमिक शाला मैदान

(ग) माध्यमिक शाला मैदान (घ) प्राथमिक शाला सांस्कृतिक मंच।

प्रश्न 3:- विद्यालय में कौन-सा उत्सव मनाया जा रहा है?

(क) शाला प्रवेशोत्सव (ख) कहानी उत्सव
(ग) दीप उत्सव (घ) बसंत पंचमी

प्रश्न 4:- खेल प्रतियोगिता किस समय प्रारंभ होगी?
(क) दोपहर 1:30 बजे (ख) सुबह 10:30 बजे
(ग) दोपहर 2:00 बजे (घ) शाम 4:00 बजे

प्रश्न 5:- खेल प्रतियोगिता कौन-सी है?
(क) कुर्सी दौड़ (ख) मेंहदी
(ग) नाटक (घ) गीत

प्रश्न 6:- कार्यक्रम का समापन कब होगा?
(क) शाम 4:00 बजे (ख) शाम 4:30 बजे
(ग) शाम 5:00 बजे (घ) शाम 5:30 बजे

प्रश्न 7:- भोजनावकाश कब समाप्त होगा?
(क) 12:30 बजे (ख) 1:00 बजे
(ग) 1:30 बजे (घ) 2:00 बजे

प्रश्न 8:- कौन-से दो कार्यक्रम का समयावधि समान है?
(क) खेल प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम
(ख) भोजनावकाश और विविध प्रतियोगिताएँ
(ग) भोजनावकाश और खेल प्रतियोगिता
(घ) अतिथियों का स्वागत और विविध प्रतियोगिताएँ।

प्रश्न 9:- सांस्कृतिक प्रतियोगिता के पश्चात क्या होगा?
(क) पुरस्कार वितरण (ख) अतिथियों का स्वागत
(ग) भोजनावकाश (घ) खेल प्रतियोगिता

प्रश्न 10:- पत्र में तालिका क्यों दी गई है?
(क) पत्र को सजाने के लिए (ख) रिक्त स्थान का उपयोग करने के लिए
(ग) व्यवस्थित जानकारी देने के लिए (घ) ध्यानाकर्षण के लिए

नोट - उपरोक्त गतिविधियों को अपने कक्षा में भी कराएं।

**टीप : शिक्षक उपरोक्त गतिविधियों के साथ-साथ पाठ में दिए गए अभ्यासों और गतिविधियों को भी कराएँ तथा दीक्षा पोर्टल में पाठ से संबंधित वीडियो भी दिखाएँ।**

**शिक्षक का अनुभव –**
**श्री प्रेमनारायण चंद्राकर, शास. प्राथ. शाला अमावस**

| | |
|---|---|
| गतिविधि क्रमांक 1 - पाठ के शीर्षक एवं बच्चों के पूर्व अनुभवों पर चर्चा  | गतिविधि क्रमांक 2 – पाठ का वाचन  |
| गतिविधि क्रमांक 3 – पाठ पर चर्चा  | गतिविधि क्रमांक 4 - चुटकुला सुनाना  |
| गतिविधि क्रमांक 6 – पहेली बूझो  | आकलन  |

## आकलन प्रपत्र

शिक्षक का नाम : प्रेमनारायण चन्द्राकर

कार्यरत संस्था का नाम : शासकीय प्राथमिक शाला अमानक

मोहल्ला / स्कूल का नाम : शासकीय प्राथमिक शाला अमानक

मोबाइल नंबर : 8260985680

उपस्थित बच्चों की संख्या : 15

दिनांक / दिन :

1. पाठ का नाम ............ बालसभा
2. पाठ कितने दिन में पूरा हुआ ............ 03 दिन
3. क्या आपको पाठ में दी गई गतिविधियाँ समझ में आई ? हाँ / नहीं ............ हाँ
4. क्या आपने पूरी गतिविधियाँ कराई ? हाँ / नहीं ............ हाँ
5. यदि नहीं तो क्यों? और कौन–सी गतिविधि नहीं कराई ? ............ –
6. गतिविधियाँ कराते समय आपको कौन–कौन सी समस्याएँ हुई? कोई समस्या नही हुई।
7. कौन–कौन सी गतिविधियों में बच्चों की सक्रिय सहभागिता नहीं थी? सभी में सहभागिता थी।
8. पाठ को रोचक बनाने के लिए आपके सुझाव बालसभा कहानी, कविता, कला प्रदर्शन का ओपन मंच है।
9. पाठ को पढ़ाने के दौरान आपके अनुभव चुटकुला, पहेली, अभिनय में बच्चों की रुचि अधिक थी।
10. पाठ से संबंधित वीडियो (2–3 मिनट) व फोटो।
11. इस पाठ की व्याकरण / अवधारणा संबंधित त्रुटियाँ ............ –

नाम व हस्ताक्षर

प्रेमनारायण चन्द्राकर

# क्या आप जानते हैं इकबाल आपसे क्या कह रहा है?



# इकबाल आपसे कह रहा है मैं कक्षा में प्रथम आया!

## सांकेतिक भाषाः सामान्य परिचय

सांकेतिक भाषा का उपयोग श्रवण बाधित व्यक्ति द्वारा संप्रेषण हेतु किया जाता है। सुनने के अभाव में श्रवण बाधित सांकेतिक भाषा का उपयोग करते हैं। आमतौर पर लोगों की धारणा है कि सांकेतिक भाषा में व्याकरण का अभाव होता है परन्तु यह सही नहीं है, सांकेतिक भाषा में भी व्याकरण है। व्याकरण की दृष्टि से अमेरिकन सांकेतिक भाषा सबसे ज्यादा उन्नत है। अमेरिकन सांकेतिक भाषा फिंगर स्पेलिंग पर निर्भर है तथा वहां सिंगल हैण्डेड फिंगर स्पेलिंग का प्रयोग किया जाता है। इंडियन सांकेतिक भाषा में डबल हैंड़ेड फिंगर स्पेलिंग का प्रयोग किया जाता है। आइये अब हम डबल हैंड़ेड फिंगर स्पेलिंग जाने–





Copyright © 2008 AYUSHI. All rights reserved.

# हम पुस्तक क्यों पढ़ें?

अच्छी पुस्तकें हमारी सर्वोत्तम मित्र हैं। अध्ययन करते समय शैक्षणिक पुस्तकों द्वारा हमें अच्छा शिक्षण प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त बहुत सी ज्ञानप्रद और संस्कारप्रेरक पुस्तकों तथा शास्त्रों का मनुष्य के जीवन-निर्माण में अमूल्य योगदान रहता है। अनुचित पुस्तकों को पढ़ने से व्यक्तित्व पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

✓

सदैव सूचनाप्रद ज्ञानवर्धक तथा धार्मिक पुस्तकें-पत्रिकाएँ पढ़ता है।



शांत और व्यवस्थित स्थान पर बैठकर एकाग्रचित्त हो पुस्तकें पढ़ता है।



पुस्तक के मुख्य अंशों को याद रखने के लिए उचित 'बुकमार्क' का प्रयोग करता है।



पुस्तकें पढ़कर उचित स्थान पर रखता है।



✗

फिल्मी पत्रिकाएँ और स्तरहीन साहित्य पढ़ता है।



अपनी मनमानी करते हुए बैठकर, लेटकर अथवा टहलते अनुचित तरीके से पुस्तक पढ़ता है।



पुस्तकों में लाइन खींच देता, यहाँ-वहाँ व्यर्थ के शब्द लिख देता तथा पन्ने फाड़कर फेंक देता है।



उल्टे-सीधे जहाँ चाहा, वहीं पुस्तकें फेंक देता है।








ENGLISH ALPHABET

